नई दिल्ली

नई दिल्ली, रविवार 13 अक्टूबर 2019

अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 23, अंक : 207
पृष्ठ 12+4 मूल्य 3.00 *


**मौसम**

अधि. 34.8
न्यून. 18.9


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





10 मैरीकॉम ने हारकर भी बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

विचार पेज
08 भारत-चीन वार्ता से उम्मीद







**महाबलीपुरम में पीएम मोदी जिनपिंग की मुलाकात, नहीं उठा कश्मीर का मुद्दा**

# संबंधों की मजबूती और मतभेदों को सुलझाने पर बनी सहमति

एजेंसी ⏭ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच छह घंटे से अधिक समय तक आमने सामने बातचीत के बाद भारत और चीन ने शनिवार को सहयोग के नये अध्याय की शुरुआत करने तथा मतभेदों को विवेकपूर्ण ढंग से सुलझाने का संकल्प जताया। दोनों देशों ने कारोबार, निवेश और सेवा क्षेत्र से जुड़े विषयों पर एक नया तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही दोनों नेताओं ने इस बात पर भी सहमति जताई कि दोनों देशों को आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए साथ काम करना चाहिए।

विदेश सचिव विजय गोखले ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि वार्ता के दौरान कश्मीर का मुद्दा नहीं उठा और चीनी नेता ने मोदी को इस सप्ताह के प्रारंभ में पाकिस्तानी राष्ट्रपति इमरान खान की बीजिंग यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने मित्रतापूर्ण माहौल में विचारों का आदान प्रदान किया और दीर्घकालीन एवं सामरिक तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।



## 70 कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय किया

दोनों देशों ने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने पर 70 कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय किया है जिसमें 35 कार्यक्रम भारत में और 35 कार्यक्रम चीन में होंगे। गोखले ने बताया कि इस तरह से प्रत्येक सप्ताह एक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बातचीत वुहान शिखर सम्मेलन के बाद की प्रगति पर केंद्रित रही।

## 'चेन्नई संपर्क' से एक नए युग की शुरुआत

गोखले के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'चेन्नई संपर्क' के जरिए भारत और चीन के संबंधों में सहयोग का आज से एक नया युग शुरू होने जा रहा है। राष्ट्रपति शी ने मोदी को तीसरे अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिये चीन आने का न्यौता दिया और मोदी ने उसे स्वीकार कर लिया। चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलन पर कदम उठाने सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। गोखले ने यह भी बताया कि इस अनौपचारिक शिखर सम्मेलन में शी ने आश्वासन दिया कि क्षेत्रीय समग्र आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) को लेकर भारत की चिंताओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## रक्षा सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

गोखले ने बताया कि चीन के राष्ट्रपति ने रक्षा सहयोग बढ़ाने की जरूरत के बारे में बात की और आश्वासन दिया कि क्षेत्रीय समग्र आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) को लेकर भारत की चिंताओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। वार्ता के परिणाम के संबंध में 16 महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है। कि उनका मनना है कि भारत और चीन नियम आधारित वैश्विक व्यापार प्रणाली के तहत शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं समृद्ध विश्व के लिये काम करने का साझा उद्देश्य रखते हैं जहां सभी देश विकास के पथ पर आगे बढ़ सकते हैं।

**स्वच्छता अभियान...**



*मामल्लापुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुबह की सैर के दौरान एक बीच पर से प्लास्टिक का कूड़ा, पानी की बोतलें और कचरा उठाते देखा गया। मोदी ने ट्विटर पर तीन मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें वह कूड़ा एकत्र करते हुए नजर आए। उन्होंने लोगों से अपील की कि सार्वजनिक स्थानों को साफ एवं सुंदर रखा जाए। उन्होंने ट्वीट किया कि मामल्लापुरम में शनिवार सुबह एक बीच पर 'प्लॉगिंग' करते हुए। यह करीब 30 मिनट तक चला।*

**ऑड-ईवनः सीएम ने दी महिलाओं को छूट**

# प्राइवेट सीएनजी वाहनों को छूट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- ऑफिस टाइम में बदलाव पर विचार
- सार्वजनिक वाहनों पर लागू नहीं होगी यह व्यवस्था
- दोपहिया वाहन पर ऑड-ईवन लागू होने की संभावना से इनकार किया

दिल्ली में 4 से 15 नवंबर तक लागू होने वाली ऑड-ईवन योजना में महिलाओं को छूट देने की घोषणा की गई है। साथ ही इस बार निजी सीएनजी वाहनों को छूट नहीं देने का भी निर्णय लिया गया है। शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया है। पिछली बार छूट के दौरान सीएनजी वाहन स्टीकर के बड़े पैमाने पर दुरूपयोग को देखते हुए इस बार प्राइवेट सीएनजी वाहनों को भी डीजल-पट्रोल वाहनों की तर्ज पर ही सड़कों पर आने की अनुमति होगी। यानि सीएनजी वाहन भी अपने नंबर के हिसाब से ऑड-ईवन के तहत ही सड़क पर उतर पायेंगे।

# पीएम मोदी की भतीजी का पर्स छीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पर्स में 56 हजार रुपये, दो मोबाइल और अन्य दस्तावेज थे
- लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल सेल भी करेगी मामले की जांच

दिल्ली के पॉश इलाकों में से एक सिविल लाइंस थाना इलाके में शनिवार सुबह दिन-दहाड़े स्कूटी सवार बदमाशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी की बेटी का पर्स छीन लिया। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पर्स में 56 हजार रुपये, दो फोन, एयर टिकट, आधार कार्ड के अलावा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे। पुलिस ने दमयंती बेन मोदी (40) की



शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। डीसीपी (नॉर्थ) मोनिका भारद्वाज का कहना है कि दमयंती के बयान पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकाने पर छापामारी की जा रही है। पुलिस की कई टीम इस मामले की जांच में लगी हैं, जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।






## चोकसी का एक और घोटाला आया सामने

**मुंबई।** पंजाब नैशनल बैंक के साथ 13,000 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा करने वाले भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी ने पंजाब ऐंड सिंध बैंक को लगभग 44.1 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह पहली बार है, जब बैंक ने चोकसी द्वारा



डिफॉल्ट के बारे में खुलकर जानकारी दी है। बैंक ने कहा है कि चोकसी की कंपनी गीतांजलि जेम्स लिमिटेड ने उससे लोन लिया था। चोकसी कंपनी में निदेशक के साथ-साथ गारंटर है। जब चोकसी ने लोन अमाउंट नहीं चुकाया तो 31 मार्च, 2018 को पीएसी ने उसे एनपीए में डाल दिया।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप फाइनल में मंजू रानी

**नई दिल्ली।** भारत की महिला बॉक्सर मंजू रानी रूस में खेले जा रहे वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के 48 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंच गईं।



शनिवार को उन्होंने सेमीफाइनल में थाईलैंड की सी रकसत को हराया। मंजू ने ये मुकाबला 4-1 से अपने नाम किया। दूसरी ओर मैरी कॉम 51 किलोग्राम भार वर्ग और जमुना बोरो 54 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में हार गईं। मैरी को यूरोपियन चैम्पियन तुर्की की बुसेनाज कैकिरोग्लू ने 4-1 से हराया। वहीं, जमुना चीनी ताइवे की शीर्ष वरीयता प्राप्त हुआंग हसिआओ-वेन के खिलाफ हार गईं। उनके बाद लोवलिना बोरगोहेन भी हार गईं।




दिल्ली सरकार

# बच्चों हो ना सब तैयार? आज करना है मिलकर डेंगू पर वार




बच्चों भूले तो नहीं, रविवार का होमवर्क याद है ना ?
डेंगू को हराने के लिए हमें क्या क्या करना है ?
आज 10 बजे 10 मिनट हमें सबको जगाना है और मिलकर डेंगू को भगाना है।
बच्चों आज हमें नज़र रखनी हैं कि कहीं साफ पानी जमा तो नहीं है
अगर हो तो उसे उडेल दें।
यह होमवर्क सिर्फ आपको ही नहीं बल्कि अपनें मम्मी पापा से,
आस-पड़ोस के लोगों से भी कराना है
और अपनी प्यारी दिल्ली को डेंगू से बचाना है।

डेंगू पे वार हर रविवार

और हाँ, होमवर्क ख़त्म होने के बाद जो स्टीकर आपको
स्कूल में मिल रहें हैं उसे घरों के बाहर लगाना मत भूलना।



**दिल्ली कर दिखाएगी**

स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

### 4 से 15 नवंबर तक लागू होगी योजना

# ऑड ईवन: दफ्तरों की टाइमिंग में फेरबदल करने पर विचार कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 4 से 15 नवंबर तक लागू होने वाले ऑड-ईवन स्कीम में इस बार महिलाओं को छूट देने का ऐलान किया है। केजरीवाल ने महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया है। इसके साथ ही केजरीवाल सरकार ऑड-ईवन के दौरान दफ्तरों की टाइमिंग में भी फेरबदल करने पर विचार कर रही है। सीएम केजरीवाल ने बताया कि योजना के दौरान सार्वजनिक वाहनों पर एक समय दबाव न बने इसके लिए दफ्तरों के समय बदलने पर विशेषज्ञों से बात चल रही है। जल्द ही इसे तय कर लिया जाएगा। इस बार के ऑड-ईवन स्कीम में केजरीवाल सरकार निजी सीएनजी वाहनों को छूट नहीं देने का निर्णय लिया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि पिछली बार छूट के दौरान सीएनजी वाहन स्टीकर के बड़े पैमाने पर दुरूपयोग को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अभी तक दोपहिया वाहन पर भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, हालांकि ऑड-ईवन उन पर लागू होने की संभावना से सीएम ने इनकार किया है।

### दो हजार बसों का इंतजाम

ऑड-ईवन योजना के दौरान लोगों को परेशानी से बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने 2 हजार बसों का इंतजाम किया है। अधिकारियों ने इसके लिए निजी बस चालकों से संपर्क कर लिया है।

### पराली जलने से बढ़ा प्रदूषण

केजरीवाल ने कहा कि पिछले तीन चार दिनों में दिल्ली में प्रदूषण बढ़ना शुरू हो गया है। सीएम ने कहा कि पिछले तीन माह से दिल्ली में प्रदूषण पर लगाम था लेकिन पड़ोसी राज्यों में प्रदूषण बढ़ने से दिल्ली की हवा प्रदूषित होने लगी है। सीएम ने केंद्र सरकार व पड़ोसी राज्यों के सरकारों से आग्रह किया है कि दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है।

### कैब कंपनियों को दी हिदायत

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के दौरान एप आधारित टैक्सी संचालकों की मनमानी की शिकायत आती है। इस बार ऐसा नहीं होगा। इसके लिए उबर के अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है। उन्हें बता दिया गया है कि किसी भी कीमत पर डेढ गुना से ज्यादा कीमत की वसूली नहीं हो सकती है। साथ ही सर्च प्राइसिंग न करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि अन्य कंपनी के संचालकों के साथ भी बैठक कर यह निर्देश दे दिए जाएंगे।

### कार पूलिंग को बढ़ावा देने की अपील

सीएम ने कहा कि इस दौरान कार पुलिंग को बढ़ावा दें। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कार पुलिंग करें। इससे प्रदूषण भी कम होगा और रिश्ते भी ठीक होंगे।

### जुर्माने पर जल्द होगा निर्णय

सीएम ने कहा कि अब नया परिवहन नियम लागू हो गया है। इस कारण जुर्मांने को रिवाइज किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि हमारा मकसद जुर्माना लगाना नहीं है। पहले कोई ऑड-ईवन का पालन नहीं करता पाया गया तो उसे समझाया जाएगा और वापस कर दिया जाएगा।

### ऑड-ईवन के नाम पर सीएम फैलाएंगे अव्यवस्था : गुप्ता



दिल्ली विधान सभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाया कि वह ऑड-ईवन योजना के नाम पर अव्यवस्था फैलाने पर उतारू है। केजरीवाल सरकार स्वयं मानती है कि दिल्ली में सावर्जनिक परिवहन व्यवस्था कमजोर है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल इतनी कमजोर सावर्जनिक परिवहन व्यवस्था के रहते सीएनजी वाहनों, दुपहिया वाहनों तथा महिलाओं द्वारा चलित गाड़ियों को ऑड-इवन योजना में छूट न देकर दिल्ली में 12 दिन लोगों को घर बैठाकर अव्यवस्था फैलाने का कुप्रयास कर रहे हैं।

### ऑड-ईवन योजना जनता को गुमराह करने वाली : हारून



नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हारुन यूसुफ ने केजरीवाल की ऑड-ईवन योजना को जनता को गुमराह करने वाली बताया है। अभी तक पूर्व में लागू इस योजना का रिकॉर्ड से यही स्पष्ट है कि इससे प्रदूषण पर कोई खासा असर नहीं पड़ा है। बावजूद इसके चाहते है कि मोटरसाइकिल को भी छूट ना मिले। उन्होंने कहा कि निजी सीएनजी वाहनों को भी केजरीवाल ने योजना से बाहर कर दिया है।

### लगातार तीसरे दिन भी खराब श्रेणी में रही हवा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता शनिवार को लगातार तीसरे दिन 'खराब' श्रेणी में रही। हवा के और खराब होने की आशंका है। हालंकि विशेषज्ञों का कहना है कि स्थिति पिछले कुछ सालों के मुकाबले इन दिनों बेहतर है। केंद्र द्वारा संचालित वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) के मुताबिक, समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 221 दर्ज किया गया है, जो खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी शाम चार बजे एक्यूआई 222 दर्ज किया है। अनुमान जताया गया है कि रविवार को दिल्ली की हवा और खराब हो सकती है तथा एक्यूआई के 256 अंक तक पहुंचने के आसार हैं। सफर ने कहा कि दिल्ली का प्रदूषण स्तर अक्टूबर के तीसरे हफ्ते तक 'बहुत खराब' श्रेणी में चला जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता अगले दो-तीन हफ्तों में जबर्दस्त रूप से बिगड़ने की आशंका नहीं है, क्योंकि हवा की गति इतनी तेज नहीं है कि हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने के धुएं को दिल्ली ले आए। सफर ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में इस समय की तुलना में इस साल एक्यूआई काफी बेहतर है। इसका कारण आंशिक रूप से दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों में अपेक्षाकृत गर्म तापमान के साथ पर्याप्त नमी है। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता दो अक्टूबर तक संतोषजनक और नौ अक्टूबर तक मध्यम श्रेणी में थी।

# दो माह बाद भी स्मार्ट नहीं हुए आंगनबाड़ी केंद्र

### मुख्यमंत्री केजरीवाल बोले- जल्द होगी समीक्षा



मुख्यमंत्री ने योजना की थी लांच। फाइल फोटो

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अगस्त माह के शुरू में इंदिरा गांधी स्टेडियम में करीब दस हजार आंगनबाड़ी वर्कर्स व संबंधित आलाधिकारियों की मौजूदगी में कुछ वर्कर्स को स्मार्टफोन वितरित किए थे और कहा था कि अब उन्हें एक दर्जन भर रजिस्टर ढोने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन दो माह बीतने के बाद भी आंगनबाड़ी केंद्र स्मार्ट नहीं हो पाये हैं, क्योंकि मोबाइल फोन व सिम बंद होने की शिकायतों से आंगनबाड़ी वर्कर्स बेहद परेशान हैं। इस बारे में शनिवार को प्रेसवार्ता के बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल से सवाल पूछा तो उन्होंने स्मार्टफोन मामले में समीक्षा करने की बात कही। वहीं, एक सप्ताह से महिला एवं बाल विकास के निदेशक सहित अन्य संबंधित अधिकारी जवाब देने से अपना पल्ला झाड़ते नजर आए। सूत्रों का कहना है कि मोबाइल व सिम मामले को लेकर कोई बड़ा घोटाला भी हो सकता है जिस पर विभाग जवाब देने से बच रहा है।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स का भाई हूं, सैलरी की चिंता न करें

केजरीवाल ने कहा था कि मैं आंगनबाड़ी वर्कर्स का भाई हूं। अगर आंगनबाड़ी वर्कर्स धरने पर बैठेंगी तो कैसे काम होगा इसलिए पिछले साल आंगनबाड़ी वर्कर्स की सैलरी दोगुनी कर दी। आप सैलरी की चिंता मत करना, आपको खुश रखने का काम मेरा है, लेकिन मेरी दिल्ली के बच्चों को खुश रखने का काम आपका है। बता दें कि केजरीवाल सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को हाइटेक करने के साथ ही आंगनबाड़ी वर्कर्स के काम को पेपरलैस करने के मकसद से स्मार्ट फोन भी दिए थे। दिल्ली में कुल 10 हजार 752 आंगनबाड़ी केंद्र हैं और स्मार्टफोन पर करीब 11 करोड़ रुपये का खर्च होने का अनुमान बताया गया है।

### क्यों स्मार्ट नहीं बन पा रहे आंगनबाड़ी केंद्र

नाम नहीं छापने पर आंगनबाड़ी केंद्रों की वर्कर्स ने बताया कि स्मार्ट फोन मिलने से बड़ी खुशी हुई थी। मोबाइल व सिम देते हुए बताया गया था कि उन्हें इसका प्रतिमाह 2 सौ रुपया बिल अदा करना है। सीडीपीओ ऑफिस स्तर पर कइयों को पहले मोबाइल सिम दिया गया और बाद में मोबाइल दिया गया। जिसके चलते शुरूआती बिल 150 से 200 रुपये आया लेकिन अगले माह बिल की राशि साढ़े चार सौ व अधिक पहुंच गई। सीडीपीओ कार्यालय ने 2 सौ रुपया अदा करने को कहा लेकिन उसके बाद बकारा राशि अदा करने के कस्टमर केयर से बार-बार फोन आने पर सिम ही बंद कर दिया गया। वहीं, कुछ इलाकों में मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी का नेटवर्क ही काम नहीं करने की शिकायतें भी आईं। प्रशासन के दबाव के बाद जिन्होंने 2 सौ रुपये बिल अदा कर दिया है, उसके बाद उनपर बकाया बिल अदा करने का भी दबाव बनाया गया। साथ ही कहा जा रहा है कि नई मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी से बात चल रही है।

## वाल्मीकि मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुल्तानपुरी के वाल्मीकि मंदिर और वजीरपुर के जेजे कॉलोनी में आयोजित प्रकाशोत्सव कार्यक्रम में कहा कि मेरा सपना है कि दलित समाज के बच्चे पढ़कर डाक्टर-इंजीनियर बने। इस दौरान दलित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। केजरीवाल ने कहा कि प्रण लें कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे।

**भाजपा ने 11 सौ दीपक जलाएं:** भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर शनिवार को भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में 11 सौ दीपक जलाकर व भजन संध्या में मधुर सुफी संगीत के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि को संगीतमय पुष्पाजंलि अर्पित की गई। केंद्रीय मंत्री थावर चन्द गेहलोत ने संतों के पैर धोये। महापौर सुनीता कांगड़ा व प्रदेश भाजपा से कई पदाधिकारी थे।

**सोनिया आज करेगी शोभायात्रा की शुरूआत**
भगवान महर्षि वाल्मीकि के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी अपने आवास से शोभायात्रा को रवाना करेंगी।

## गांधी जी के सपनों के भारत का निर्माण करें: तिवारी

हरिभूति न्यूज ⏭ नई दिल्ली



महात्मा गांधी जी देश के जन-जन में हर व्यक्ति के मन में मौजूद हैं और हम सबका कर्तव्य है कि हम गांधी जी के सपनों के भारत का निर्माण करें, एक ऐसे भारत का निर्माण जिसमें रामराज्य की कल्पना साकार हो। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी ने उक्त बाते तिमारपुर विधानसभा के नेहरू विहार में शनिवार को गांधी संकल्प यात्रा के दौरान कही। यहां सांसद तिवारी एवं कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर बेकार पड़ी प्लास्टिक की सामग्रियों को एक थैले में भरकर कूड़ेदान तक पहुंचाया। सांसद तिवारी ने बताया कि महात्मा गांधी ने भय, भूख और भ्रष्टाचार मुक्त जाति पंथ से परे एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण की कल्पना की थी जिसमें सर्वसमाज का समान विकास हो और उसी सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर समाज को साथ लेकर संपूर्ण देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। सारे विश्व में भारत की अपनी पहचान है जो स्वाभिमान और सम्मान से लबरेज है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई दशक तक देश की बागडोर ऐसे हाथों में रही, जिनका न तो देश के विकास से कोई सरोकार था और न ही सर्वसमाज के विकास की कल्पना।

### चाको ने प्रदान की कांग्रेस की सदस्यता

# छह साल बाद हुई अलका की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की चांदनी चौक से पूर्व विधायक अलका लांबा ने 6 साल बाद कांग्रेस में घर वापसी की है। कई बार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद आखिरकार शनिवार को अलका ने हाथ थाम लिया। अलका को प्रदेश प्रभारी पीसी चाको ने सदस्यता प्रदान की। इस मौके पर चाको ने कहा कि पार्टी में शामिल होने पर अलका का स्वागत है। वह शुरू से ही कांग्रेसी रही है, पार्टी की नीतियों को जानती है। पार्टी को भरोसा है कि अलका के आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता चत्तर सिंह, जिला अध्यक्ष मो. उस्मान, कैलाश जैन, हरिकिशन जिंदल, सी.पी.मित्तल, डॉ. नरेश कुमार और सीमा जोशी भी मौजूद थी। पार्टी में शामिल होते ही अलका ने कहा कि मेरी 6 साल बाद घर वापसी हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी ही भारत को सही दिशा प्रदान कर सकते है, में दोनों का धन्यवाद करती हूं। अलका ने हमला मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर बोलते हुए कहा कि वन मैन पार्टी बन कर रह गई है आप। आप पार्टी ने गत पांच साल में कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे दिल्ली का भला हो सके। उन्होंने कहा कि मैंने आप में रहकर भी गलत बात को कभी नहीं माना। इसलिए कई बार केजरीवाल के खिलाफ भी बोलना पड़ा और बोला। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर पार्टी मुझे चुनाव लड़वाएगी तो में तैयार हूं। सनद रहे कि लांबा के केजरीवाल से रिश्ते उस समय बेहद खराब हो गए जब विधानसभा में आप सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से भारत रत्न वापसी के लिए प्रस्ताव पारित किया था। तभी से लांबा कांग्रेस में वापसी की राह तलाश रही थी। हाल ही में विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने लांबा की सदस्यता समाप्त कर दी थी।






### सोनिया गांधी को लिखा पत्र

## चाको के समर्थन में उतरे 13 जिला अध्यक्ष

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी में उठा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को जहां तीन पूर्व मंत्रियों ने प्रदेश प्रभारी पीसी चाको के खिलाफ मोर्चा खोला था वहीं शनिवार को पार्टी के जिला अध्यक्षों ने चाको के समर्थन में एक जुटता दिखाई है। पार्टी के 13 जिला अध्यक्षों ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा है कि चाको ने कुछ गलत नहीं किया। इस बारे में आदर्शनगर जिला अध्यक्ष हरिकिशन जिंदल ने कहा कि शुक्रवार को तीन पूर्व मंत्रियों मंगत राम सिंघल, किरण वालिया और रमाकांत गोस्वामी व पूर्व पार्षदों जितेंद्र कुमार जीतू और रोहित मनचंदा ने सार्वजनिक रूप से प्रेसवार्ता में चाको को भ्रष्ट बताकर पार्टी को नीचा दिखाया है। इन लोगों के खिलाफ पार्टी को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पत्र में लिखा है कि शीला से पहले अध्यक्ष रहे अजय माकन ने संगठन को बेहतर तरीके से चलाया। निगम चुनावों पूर्व हर मोर्चे पर केजरीवाल को घेरने के लिए धरने प्रदर्शन किए गए। उस समय तीनों पूर्व मंत्रियों व उनके साथ बैठे नेताओं का कहीं अता पता नहीं था। आज वही लोग कांग्रेस के अनुशासन को भंग करते हुए खुले रूप से पार्टी की आलोचना कर रहे है। इनका गैर जिम्मेदाराना रवैय्या है कि विधानसभा चुनाव सिर पर है और यह खुले रूप से प्रदेश प्रभारी जैसे पद के नेता पर आरोप लगा रहे है। इससे मतदाताओं में गलत संदेश जाएगा।

### विस अध्यक्ष दें पद से इस्तीफा: गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को जब मालूम था कि उनके विधायक राम निवास गोयल के खिलाफ एक बिल्डर के घर में जबरन घुसने के खिलाफ अपराधिक मामला चल रहा है तो उन्हें विधान सभा अध्यक्ष कैसे बनाया गया। दिल्ली विधान सभा में नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने केजरीवाल से पूछा कि जिसपर सभी सदस्यों को विधान सभा में नियंत्रित करने की जिम्मेदारी होती है। उनको अध्यक्ष क्यों बनाया।




# नगर घड़ी से गायब हो रही लोकधुन, लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स ने रायपुर को दी थी अलग पहचान

रायपुर। लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुकी रायपुर की नगर घड़ी से लोकप्रिय धुन धीमे-धीमे नजरअंदाज होने के कगार पर है। आलम अब यह है कि किसी समय यह धुन बजती है और कई बार घंटों तक खामोशी छाई रहती है, इसे लेकर प्रबंधन को कोई परवाह नहीं है। एक साल पहले से बिगड़े इंस्ट्रूमेंट को बनाने और पहले की तरह इसे सहेजकर रखने में कोताही बरतने की वजह से अब शहरवासी लोकधुन सुनने से महरूम हो रहे हैं। हरिभूमि की पड़ताल में यह मालूम हुआ कि जब घड़ी की सुईयां घूमने के बाद भी धुन से निकलने वाले स्वर खामोश हैं। शनिवार को नगर घड़ी के टावर में जानकारी लेने पर इसके बारे में पता चला। मेंटेनेंस में लगे कर्मचारियों ने बताया, यंत्र में तकनीकी खराबी के चलते बार-बार बैटरी डिस्चार्ज होती है, इसलिए धुन बजाना मुश्किल हो रहा है।



## 2008 में नई घड़ी में लगाए थे दुर्लभ यंत्र

नगर घड़ी के लिए बनाए गए टावर में अत्याधुनिक दुर्लभ यंत्र का प्रयोग 26 जनवरी 2008 से प्रारंभ किया गया। जानकार बताते हैं कि नगर घड़ी में हर दिन हर घंटे के बाद एक छत्तीसगढ़ी लोकधुन बजने का सिस्टम बनाया गया। लोकधुनों को लोकप्रिय बनाने के लिए नगर घड़ी में हर घंटे के बाद बजने वाले घंटे की आवाज के पहले छत्तीसगढ़ की लोकधुनों को संयोजित करने का निर्णय लिया गया था, ताकि इससे आम आदमी भी लोकधुनों की ओर आकर्षित हो सके।


# हरिभूमि CLASSIFIEDADS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Cont- Ring Road No-2, Gourav Path Marg, Bilaspur Mo.7974724480 Email Id- hbclassified375@gmail.com

Sell your Stuff advertise jobs or a place to rent. you can do it all here!

## आवश्यकता है

## बेचना है

## भवन निर्माण

## ज्योतिष

## फायनेंस

## खरीदी/बिक्री केन्द्र

## किराया

## व्यापार

## वाहन बेचना है

VIP CITY

1200 एवं 1250 SQFT प्लॉट उपलब्ध है

Contact: 8120008250

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ADVT booking time 10.30 am to 3.00 pm

//सूचना//

नोट-विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा

## एजुकेशन स्पेशल

GNM

## Medicare

छोटी इन्द्री

कामदेव पॉवर ऑयल एवं कैप्सूल

9348195201

तुलसी आयुर्वेदिक

8120338666

9171739144

8435900002

अचूक रामबाण इलाज (गारंटी)

डॉ. पी.आर.सोनी

डॉ. अहमद

जे.जे. हरिपटेल

0788-2296252

9098889899

छोटी इन्द्री

घर बैठे मंगवायें

08116592844

सोरियासिस (Psoriasis)

## खबर संक्षेप



### ठक-ठक गैंग के बदमाश से साढ़े पांच लाख कैश बरामद

**नई दिल्ली।** साउथ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने ठक-ठक गैंग के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से साढ़े पांच लाख रुपये की नकदी और एक स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी का नाम करण है और वह मदनगीर इलाके का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी हर वारदात में अलग-अलग मोटर साइकिल व स्कूटी का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने इसे मदनगीर इलाके के आर्य समाज रोड से शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। आरोपी गुलेल से कार का शीशा तोड़कर या टायर में आग लगाकर ड्राइवर का ध्यान भटकाता और उसके बाद कीमत सामान लेकर फरार हो जाता था। यह ज्यादातर वारदात अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर करता था। हाल ही में इसने मॉडल टाउन इलाके में भी एक वारदात को अंजाम दिया था।

### जल परिवहन मंत्रायल के कर्मचारी के घर में चोरों ने किया हाथ साफ

**नई दिल्ली।** मानसरोवर पार्क थाना इलाके में जल परिवहन मंत्रालय के कर्मचारी के घर चोरों ने सेंध लगा दी। इसके बाद चोरों ने घर में रखे कैश व जूलरी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद चोर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रघुवीर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, रघुवीर सिंह, अपने भाई-बहन के साथ मानसरोवर पार्क इलाके में रहते है। शुक्रवार सुबह रघुवीर अपनी नौकरी पर चले गए। कुछ देर बाद उनके भाई-बहन भी अपने-अपने काम पर चले गए। शाम करीब 6:30 बजे वह अपनी ड्यूटी से घर लौटे तो उन्होंने देखा कि दरवाजे का ताला गायब था। वह अंदर गए तो सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी की जांच करने पर उन्हें पता चला कि चोरों ने उसमें रखे तीन लाख रुपये कैश व सोने की जूलरी पर हाथ साफ कर दिया है। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### जनसभा संबोधित करते हुए बिष्ट के कंधे के पास फटा पटाखा, मामला दर्ज

नई दिल्ली। करावल नगर इलाके में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट के कंधे के पास पटाखा फट गया। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना के समय बिष्ट एवं सासंद मनोज तिवारी सभा को संबोधित कर रहे थे। हालांकि बिष्ट का कहना है कि आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के लोगो में भी हड़कंम मच गया था। ऐसा लगा जैसे किसी ने गोली मार दी हो। कुर्ते को देखा पीछे से देखने में उसमें से गंधक-पुटास जैसी गंध आ रही थी। पुलिस ने जांच के लिए कुर्ते को ले लिया है।

### बेरोजगार लोगों को नौकरी के नाम पर बनाते थे निशाना

# सैंकड़ों लोगों से ठगे 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- सरगना समेत दो गिरफ्तार
- बैंक व एयरलाइंस में नौकरी का देते थे झांसा
- महाराष्ट्र, असम, बिहार, राजस्थान और मध्य-प्रदेश के करीब 400 लोगों को ठगा
- 13 मोबाइल फोन, छह डेबिट कार्ड, लैपटॉप, रजिस्टर व डेस्कटॉप कंप्यूटर बरामद

पश्चिमी जिले की साइबर सेल ने नौकरी के नाम पर करीब 400 लोगों से 50 लाख की ठगी करने वाले गैंग के सरगना समेत दो को गिरफ्तार किया है। इनके नाम मोहन गार्डन निवासी सागर मेहता और तिलक नगर निवासी दीपांशू सहगल बताये गये हैं। ठग बेरोजगार युवकों को बैंक व एयरलाइंस में नौकरी का झांसा देते थे। अभी तक की जांच में इनके द्वारा महाराष्ट्र, असम, बिहार, राजस्थान व मध्य-प्रदेश के लोगों को टारगेट करने का पता चला है। पुलिस ने इनके पास से 13 मोबाइल फोन, छह डेबिट कार्ड, लैपटॉप, रजिस्टर व डेस्कटॉप कंप्यूटर बरामद किया है।

डीसीपी दीपक पुरोहित के अनुसार आरोपी विभिन्न वेबसाइट्स पर जॉब तलाशने वाले युवकों की डिटेल्स इकट्ठा कर उनसे संपर्क करते थे। फिर उन्हें बैंक या एयरलाइंस में मोटी तनख्वाह पर नौकरी दिलाने का भरोसा देते थे। इसके बदले में नौकरी के इच्छुक लोगों से करीब दो महीने की तनख्वाह के बराबर रकम पहले ले लेते थे। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन के बहाने भी पैसा लिया जाता था। हिमाचल प्रदेश के रहने वाले अभिषेक नंदन समेत सात लोगों ने इनके खिलाफ शिकायत दी थी। अभिषेक को एचडीएफसी बैंक में नौकरी दिलवाने की बात कहकर 40 हजार रुपये लिये गये थे। बाद में ठगों ने से फर्जी नियुक्ति पत्र दिया था। हाल ही सूचना मिली थी कि ठगों ने विकासपुरी में बाकायदा एक कॉल सेंटर खोला हुआ है। एसीपी ऑपरेशन उमाशंकर की देखरेख में साइबर सेल के इंस्पेक्टर अरुण चौहान, सब इंस्पेक्टर अमित वर्मा, सतीश डागर, एएसआई देवेंद्र और अन्य की टीम ने विकासपुरी की डीडीए लाल मार्केट की एक बिल्डिंग से आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ में पता चला कि ठग लोगों को झांसे में लेने के लिये उनके गृह राज्य में पोस्टिंग दिलाने की बात कहते थे। इनके पास से बरामद हुये रजिस्टर से पता चला कि अब तक कई राज्यों के लोगों को अपने जाल में फंसाकर चूना लगा चुके थे।

## दुकान का ताला तोड़कर उड़ाये 31 लाख 50 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पेमेंट करने के लिए दुकानदार घर से लाया था रुपये
- पुलिस दुकान के आसपास लगे सीसीटवी कैमरों की फुटेज खंगाल चोरों की पहचान करने का कर रही है प्रयास

संब्जी मंडी थाना इलाके में चोरों ने एक दुकान का ताला तोड़कर 31 लाख 50 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दुकान मालिक सतीश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सतीश ने बताया कि वह घर से दुकान पर रुपये काम से लाया था, लेकिन काम न होने की वजह से वह दुकान पर रुपये छोड़कर चला गया। इसके बाद बदमाशों ने दुकान में सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस दुकान के आसपास लगे सीसीटवी कैमरों की फुटेज खंगाल चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, सतीश राम नगर एक्सटेंशन में सपरिवाार रहते है। उनकी संब्जी मंडी इलाके में लेडीज क्लॉथ की दुकान है। सतीश ने अपने घर पर 30 लाख रुपये रखे हुए थे। जरूरत पड़ने पर वह 30 लाख रुपये लेकर अपनी दुकान पर आ गए। पेमेंट न होने की वजह से वह 30 लाख रुपये दुकान के गल्ले में रखकर चले गए। इसके अलावा गल्ले में एक लाख 50 हजार रुपये पहले से ही रखे हुए थे। बृहस्पतिवार रात को वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले गए। इसी बीच चोरों रात को उनकी दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 31 लाख 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। घटना के बारे में पता चलने पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## तीस हजारी कोर्ट में टेंडर दिलाने के नाम पर नौ लाख का लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- विश्वास जीतने के लिए रुपयों की रसीद देता था आरोपी

तीस हजारी कोर्ट में स्क्रैप (कबाड़) का टेंडर दिलाने के नाम पर एक शख्स से नौ लाख रुपये की ठगी का मामला समाने आया है। पुलिस ने सचिन शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सचिन ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक शख्स ने कोर्ट में टेंडर दिलवाने का दावा किया था। इसके बाद उसने रुपये भी ले लिये। रुपये लेने के बाद न तो उसका टेंडर आया और न ही उसके रुपये वापस मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सचिन शर्मा की बुराड़ी इलाके में जूलरी की दुकान है। उन्होंने पुलिस को बताया कि अगस्त माह में उन्हें एक शख्स मिला। उसने उन्हें कोर्ट में टेंडर दिलाने की बात कही। इतना ही नहीं आरोपी ने उन्हें बताया कि टेंडर में उन्हें हर माह एक लाख रुपये का मुनाफा होगा। इस पर वह उसके झांसे में आ गए और टेंडर लेने के लिए राजी हो गए। सचिन ने अपनी दुकान में काम करने वाले लड़के के नाम पर टेंडर भर दिया। शुरू में आरोपी ने उनसे 250 रुपये मांगे और बाद में 10 हजार रुपये सिक्योरिटी के नाम पर लिये। आरोपी ने सचिन का विश्वास जीतने के लिए हर बार रुपये की रसीद दी। सिंतबर में आरोपी ने सचिन से कहा कि उनका टेंडर आ गया है। इसके लिए उन्हें आठ लाख 88 हजार रुपये देने होंगे। इसके बाद सचिन ने उसे रुपये दे दिये। इसके बाद आरोपी लापता हो गया। आरोपी के लापता होने के बाद सचिन ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## अंसारी गैंग का सरगना शार्प शूटर के साथ चढ़ा हत्थे

### नजीबाबाद में बीएसपी लीडर और भतीजे की हत्या में थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने बिजनौर के नजीबाबाद में इसी साल मई माह में बीएसपी नेता हाजी अहसान और उसके भतीजे शादाब की दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर हत्या करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में गांव कनकपुर कलां, नजीबाबाद निवासी गैंग सरगना शाहनवाज अंसारी और मोहल्ला गुलशन, राहू खेड़ी, नजीबाबाद निवासी शार्प शूटर जब्बार शामिल है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अंसारी गैंग ने राजनीतिक व कारोबार रंजिश की वजह से इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। इनके पास से दो पिस्टल व आठ कारतूस बरामद हुये है। डीसीपी पी एस कुशवाहा के अनुसार सूचना मिली थी कि नजीबाबाद का कुख्यात गैंगस्टर व अंसारी गैंग का सरगना शाहनवाज अंसारी व उसका शूटर जब्बार जगतपुरी इलाके में छिपे हैं। सूचना को पुख्ता करते हुये एसीपी अत्तर सिंह, इंस्पेक्टर शिव कुमार की टीम ने शुक्रवार को कड़कडडूमा इलाके में ट्रैप लगाया और दोनों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने पिस्टल निकालकर पुलिस टीम पर हमले की कोशिश भी की, लेकिन अलर्ट पुलिसकर्मियों ने दोनों को काबू कर लिया गया।

#### कारोबारी रंजिश के कारण किया था डबल मर्डर

हाजी अहसान और उसके भतीजे शादाब का बिजनौर व नजीबाबाद में प्रॉपर्टी का लंबा-चौड़ा कारोबार है। इसके अलावा वह बीएसपी पार्टी का नेता भी थे। इलाके में दोनों ही ठीक-ठाक राजनीतिक रसूख रखते थे। यही वजह थी लोकसभा चुनाव के दौरान हाजी को नजीबाबाद से लोकसभा प्रत्यक्षी के चुनाव प्रचार का जिम्मा पार्टी की ओर से सौंपा गया था। इनका प्रत्याशी जीत भी गया था। आने वाले विधानसभा चुनाव में हाजी अहसान विधानसभा टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। इधर आरोपी शाहनवाज अंसारी भी बिजनौर में विवादित जमीनों की खरीद-फरोख्त का धंधा करता था। इसी वजह से उसकी अहसान से रंजिश चल रही थी। 26 मई को आरोपी शाहनवाज, जब्बार, दानिश कनकपुर, दानिश उब्बानवाला और इकराम ने योजना बनाकर दोनों की उनके दफ्तर में घुसकर हत्या की थी।

## पुलिस कार्रवाई न होने पर बेटे ने थाने में जाकर लगाई थी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रेम नगर थाने के अंदर आशु (24) ने पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न होने की वजह से आग लगाई थी। इस बात का खुलासा आशु के पिता यादराम ने किया है। वहीं, घायल आशु का सफदरजंग अस्पताल में उपचार जारी है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। शनिवार को आशु के पिता यादराम ने पुलिस को एक और शिकायत दी है जिसमें युवकों के अलावा उसके पिता पर भी संगीन आरोप लगाए हैं। डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा ने बताया कि मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

जानकारी के मुताबिक, दशहरा वाले दिन आशु अपने पिता यादराम के साथ मेला देखने जा रहा था। भीड़भाड़ में आशु का कंधा अमनदीप और हरदीप से टकरा गया। इस दौरान अमनदीप का फोन टूट गया। इस पर दोनों युवकों ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट की। आशु ने इसकी शिकायत प्रेम नगर थाने में की। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया। पीडित आरोप है कि पुलिस की तरफ से हमलावरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। यादराम ने बातया कि घटना के बाद दो युवकों के साथ उनका पिता भी आया और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर गए। आशु ने इसकी जानकारी जांच कर रहे हेड कांस्टेबल संदीप को देनी चाही लेकिन कई बार फोन करने के बावजूद हवलदार ने आशु का फोन नहीं उठाया। शुक्रवार सुबह आशु अपने पिता के साथ काम पर जा रहा था। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने अपने पिता के साथ मिलकर पिता-पुत्र पर टिप्पणी की। इससे आशु भावुक हो गया और उसने थाने के अंदर जाकर खुद को जला लिया।

#### लोगों ने थाने पर किया प्रदर्शन

घटना से आहत आशु के परिवार वालों के साथ मिलकर इलाके के रहने वाले लोगों ने शनिवार को प्रेम नगर थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सैकड़ों की संख्या में थाने पर पहुंचे लोगों को पुलिस ने पहले ही बेरीकेड लगाकर रोका।

- शनिवार को घायल के पिता ने पुलिस को दी एक और शिकायत

### यूपी रोडवेज ने स्कूटी सवार मां-बेटी को मारी टक्कर, बेटी की मौत

**नई दिल्ली।** ज्योति नगर थाना इलाके में स्कूटी सवार मां-बेटी को उत्तर-प्रदेश रोडवेज की एक बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दिव्या (6) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल चेतना राघव (30) का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। ज्योति नगर पुलिस ने चेतना के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मौके से बस और क्षतिग्रस्त स्कूटी को जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपी बस चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, चेतना राजनगर कॉलोनी, गाजियाबाद में सपरिवार रहती हैं। वह गृहणी हैं। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी दिव्या लोनी रोड स्थित गुरु हरिकिशन स्कूल में पढ़ती है। शुक्रवार सुबह चेतना स्कूटी से दिव्या को स्कूल छोड़ने के लिए आ रही थीं। जैसे ही वह लोनी गोल चक्कर से दुर्गापुरी की तरफ जाने लगी। इसी दौरान यूपी रोडवेज ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी सवार मां-बेटी सड़क पर जा गिरी। इस दौरान दिव्या का सिर सड़क के किनारे फुटपाथ पर जा लगा। हादसे के बाद बस चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दिव्या को मृत घोषित कर दिया गया।




### एयरपोर्ट पर जांच में खुली पोल, भारत में शादी कर हो चुका था सैटल

# 40 साल बाद पकड़ा गया बांग्लादेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



एयरपोर्ट पुलिस ने एक बांग्लादेशी मूल के शख्स को अरेस्ट किया है। आरोपी गलत पहचान से भारत में शादी कर सैटल हो चुका था। लेकिन अब उसके मन में बांग्लादेश में अपनी प्रॉपर्टी को हासिल करने की इच्छा जाग उठी थी। इस सिलसिले में वह अपने असली कागजात लेकर बांग्लादेश रवाना हो रहा था। कुछ दिन पहले वह एक बार बांग्लादेश होकर भी आया था। लेकिन इसके बाद उसके असली कागजातों ने उसकी पोल खोल दी। फिलहाल एफआरआरओ विभाग उसे बांग्लादेश डिपोर्ट करने की प्रकिया में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, बांग्लादेशी अर्शदुल इस्लाम भूइयान दशकों पहले भारत आया। यहां नकली नाम के साथ जिंदगी शुरू की। कई साल तक दिल्ली में रहा। हर जगह अपना बिजनेस करता रहा। उसने कागजों में धर्म बदल लिया। 2001 में उसने एक भारतीय लड़की से शादी कर ली। सब ठीक चल रहा था। सब उसे भारतीय ही समझते, लेकिन उसके मन में दूसरी खिचड़ी पक रही थी। उसको अब बांग्लादेश में पड़ी अपनी जमीन याद आने लगी। आरोपी ने जमीन को बेचने की सोची। वह फिर से बांग्लादेश जाने लगा। बांग्लादेश जाने के लिये उसे अपना असली नाम इस्तेमाल करना था। 10 अक्टूबर को वह बांग्लादेश जाने वाली फ्लाइट पकड़ने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को जांच में उसकी असली पहचान मिल गई। आरोपी ने मुरली शर्मा वाली पहचान सिक्योरिटी को दिखाई थी, लेकिन जांच के दौरान उनकी नजर अर्शदुल वाले डॉक्यूमेंट्स पर चली गई। अर्शदुल ने 20 साल पहले हिंदू लड़की से शादी की थी। अभी उसका 7 साल का एक बेटा और 12 साल की बेटी है। वह भारत में मुरली शर्मा के नाम से रह रहा था। आरोपी शख्स का धर्मशाला में अपना कारोबार है। उसने पत्नी के नाम वहां प्रॉपर्टी भी खरीद ली है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सभासद की गोली मारकर हत्या



**सहारनपुर।** जिले में थाना देवबद के अन्तर्गत शनिवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने भाजपा सभासद की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (शहर) विनीत भटनागर ने शनिवार को यहां बताया कि देवबद निवासी भाजपा सभासद धारा सिंह बाइक से सुबह चीनी मिल जा रहे थे। रेलवे फाटक के पास बाइक सवार दो व्यक्तियों ने उनकी बाइक निकट आते ही उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और भाग गए। भटनागर के अनुसार, गोली चलने की आवाज सुनकर लोग एकत्र हो गये ओर तुरन्त ही धारा सिंह को चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक भटनागर ने बताया कि मामले की जांच तथा हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### विवाहिता की चाकुओं से गोदकर हत्या



**बांदा।** कोतवाली देहात क्षेत्र के महोखर गांव में शनिवार को दोपहर एक युवती की उसके पति और देवर ने चाकुओं से गोद कर कथित रूप से हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक लाल भरत कुमार पाल ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब एक बजे के आस-पास देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव की युवती पूनम (25) की उसके पति कमलेश और देवर नरेश ने उसके पिता के घर (मायके) में घुसकर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। पाल ने बताया कि युवती के सिर और पेट में चाकुओं से कई वार किए गए हैं। महिला की ससुराल खजुराहो में है और वह अपने मायके आयी हुई थी। महिला की हत्या कर आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए। वारदात के पीछे कारण ससुराल वालों से चल रहा विवाद बताया जा रहा है।

### लोहिया की 52वीं पुण्यतिथि पर बिहार में एक मंच पर दिखे महागठबंधन के नेता

# तेजस्वी की फिसली जुबान, कुशवाहा बोले इस लड़ाई में विष पीने को भी हूं तैयार

एजेंसी ▶▶| पटना

*बिहार में महागठबंधन के टूट की चर्चा के बीच एक बार फिर से महागठबंधन के नेता एकसाथ एक मंच पर दिखे। लेकिन इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की जुबान फिसल गई। वो राम मनोहर लोहिया की 52वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे लेकिन बार-बार-बार 92वीं जयंती बता रहे थे। ऐसा लग रहा था कि तेजस्वी भाषण देने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर नहीं आये थे।*

महागठबंधन में टूट की खबरों के बीच शनिवार को एक बार फिर एक मंच पर महागठबंधन की एकता दिखी। कार्यक्रम था राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि का, इस कार्यक्रम में महागठबंधन के घटक दल के सभी नेता एक साथ एक मंच पर दिखे और बिहार की एनडीए सरकार की नाकामी को उजागर किया।

इस कार्यक्रम में मंच से तेजस्वी यादव ने जब संबोधित करना शुरू किया तो बार-बार उनकी जुबान फिसलती गई। वो राम मनोहर लोहिया की 52वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे लेकिन बार-बार-बार 92वीं जयंती बता रहे थे। ऐसा लग रहा था कि तेजस्वी भाषण देने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर नहीं आये थे।

तेजस्वी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महागठबंधन में कभी वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मेरे चाचा पलटूराम को अब पलटने से भी महागठबंधन में जगह नहीं मिलने वाली है।

भाजपा से दोस्ती के सवाल पर तेजस्वी ने कहा, लालू जी के बाल सफेद हो गए, मेरे पिताजी ने भाजपा का रथ रोका था।

अब हम भी भाजपा या आरएसएस से न डरेंगे, झुकेंगे या कभी समझौता करेंगे। भाजपा से ना कोई समझौता ना हुआ है और ना ही भविष्य में कभी होगा।



**सीएम से मांगा इस्तीफा**

तेजस्वी ने बिहार में लगातार हो रहे अपराध, हत्या और बलात्कार की घटनाओं पर बिहार की नीतीश सरकार को घेरा और कहा कि ये सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। पटना में जलजमाव के मामले पर तेजस्वी ने नीतीश कुमार को घेरा और पूछा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछिए उनका 15 साल का विकास कहां है? पटना नगर निगम में 400 करोड़ का घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि नैतिकता के आधार पर अब तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमारजी को तत्काल अपना इस्तीफा दे देना चाहिए।

### देश मे केवल 300-400 परिवार ही जज बन रहे: कुशवाहा

मंच से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रालोसपा अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने इस मौके पर कहा कि अगर इस लड़ाई में मुझे विष भी पीना पड़े तो मैं पी लूंगा पर लोगों तक अमृत पहुंचाऊंगा। ज्यूडिशियरी में जजों की नियुक्ति पर कुशवाहा ने कहा कि देश मे केवल 300-400 परिवार के लोग ही जज बन रहे, इससे बाहर निकलने की जरूरत है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा से करवाने की मांग की।
कुशवाहा जलजमाव और डेंगू को लेकर बिहार की नीतीश सरकार को घेरा और कहा कि दावा काफी किया गया था, लेकिन आज परिणाम सबके सामने है। सरकार ने अपने दायित्व का निर्वहन नहीं किया, जिससे राज्य में चमकी बुखार से कई बच्चों की मौत हो गई। बाढ़ और जलजमाव ने सरकार के विकास कार्य की पोल खोलकर रख दी है। इन सबसे सरकार की नाकामी झलकती है। लगातार राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्या हो रही है, राज्य में मॉब लिंचिंग की घटनाएं ज्यादा बढ़ गई है और सरकार सुशासन का राग अलापती है। इस सरकार के सुशासन का नारा बेकार साबित हो रहा है।

### अगला चुनाव बैलट पेपर पर करवाने की मांग

तेजस्वी यादव ने कहा कि सबको ईगो छोड़कर साथ आना चाहिए, तभी हम इस एनडीए का मुकाबला कर पाएंगे। इस तरह के बिखराव का विरोधी फायदा उठाएंगे और हमारी कमजोरी आने वाले समय में सबके लिए घातक साबित होगी। तेजस्वी ने इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव बैलट पेपर पर करवाने की भी मांग की।



### सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**पटना।** शनिवार को प्रखर समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनायी गई। इस मौके पर बिहार सरकार की तरफ से कंकड़बाग स्थित लोहिया उद्यान में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। यहां, महामहिम राज्यपाल फागू चौहान के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सुशील मोदी सहित बिहार सरकार के मंत्री श्याम रजक ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दूसरी तरफ इस मौके पर कार्यक्रम में कई कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी पर मंत्री श्याम रजक ने कहा कि राम मनोहर लोहिया सभी के आदर्श हैं। उनके पुण्यतिथि पर हर दल के लोग लोहिया पार्क पहुंचे हैं, इसमें आपत्ति क्या है। वहीं जयंती के बहाने महागठबंधन में एकता के सवाल पर श्याम रजक ने कहा कि राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाने का सबका अधिकार है।

### बापू सभागार में आयोजित था कार्यक्रम

राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतनराम मांझी, रालोसपा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, वीआइपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी एक साथ एक मंच पर साथ दिखे।

### अखिलेश के आरोप राजनीतिक हताशा का परिणाम : भाजपा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लगाए आरोपों को 'तथ्यहीन' करार देते हुए शनिवार को कहा कि उनका बयान राजनीतिक हताशा का परिणाम है।
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव के उत्तर प्रदेश सरकार पर लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं तथा यह उनकी राजनीतिक हताशा का परिणाम है। श्रीवास्तव ने अखिलेश के आरोपों को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की टिप्पणी उनकी राजनैतिक कुंठा को दर्शाती है।
प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश को माफियाराज से मुक्ति दिलाई, जिसकी प्रशंसा प्रदेश की जनता ही नहीं बल्कि देशभर की जनता करती है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए किए गए निवेशक सम्मेलन की सफलता इसका बेहतरीन उदाहरण है।

### 'बिग बॉस-13' के विरोध में उतरे वृन्दावन के साधु-संत

**मथुरा।** रियल्टी टीवी शो 'बिग बॉस-13' के 'बेड फ्रेण्ड फॉर एवर' कॉन्सेप्ट के विरोध में उठ रही लहर अब मथुरा तक पहुंच गई है जहां के अध्यात्म रक्षा मंच एवं युवा ब्राह्मण सभा के कार्यकर्ताओं ने इसे हिन्दू धर्म-संस्कृति पर हमला बताते हुए शो पर रोक लगाए जाने की मांग की है। अध्यात्म रक्षा मंच एवं युवा ब्राह्मण सभा ने शो बंद न होने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। शुक्रवार को वृन्दावन के राधासनेह बिहारी मंदिर में संपन्न हुई बैठक में शो के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए साधु-संतों ने इसे तुरंत बंद करने की मांग की। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य अतुल कृष्ण गोस्वामी और उपाध्यक्ष बिहारी लाल वशिष्ट ने इस शो को देश की सभ्यता और संस्कृति के खिलाफ बताया। महंत राधामोहन दास, महंत रामजीवन दास, महंत सतगुरु दास, आचार्य वल्लभ दास आदि ने भी शो पर रोक लगाने की मांग की।

## राशिफल 13 अक्टूबर, 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : नौकरी तलाश रहे हैं तो इंतजार करना होगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएं। सहकर्मी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। प्रॉपर्टी के लिए अच्छा खरीदार मिल सकता है। **शुभ अंक:** 2, **रंग** : सफेद।

**वृष:** आफिस में दिन अच्छा बीतने वाला है। परिजन आपको सरप्राइज दे सकते हैं। यात्रा के अंत में थका हुआ महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी बिज़नेस सामान्य रहेगा। **शुभ अंक:** 7, **रंग:** चॉकलेट।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में बदलाव लाने का समय है। घर के बुजुर्ग के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। प्रॉपर्टी को खरीदते या बेचते वक्त सतर्क रहें। दोस्तों संग आउटिंग पर जा सकते हैं। **शुभ अंक** : 6, **रंग:** डार्क ग्रीन।

**कर्क:** कार्यक्षेत्र में दिन परेशानी से भरा होगा। घर में चल रहा मसला परेशान करेगा। आपकी छुट्टियां यादगार रहने वाली हैं। प्रॉपर्टी के मामले में धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं। **शुभ अंक:** 17, **रंग:** मेटालिक ब्लू।

**सिंह:** आपके विचारों पर सवाल खड़े हो सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रम में आप लाइम लाइट में रहेंगे। विदेश यात्रा का योग बन रहा है। प्रॉपर्टी बेचने का निर्णय लाभकारी सिद्ध होगा। **शुभ अंक:** 22, **रंग:** डार्क ग्रे।

**कन्या:** ईमानदार व्यक्ति के काम पर शक न करें। पुराने दोस्तों के साथ मिलना दिलचस्प रहेगा। दूर के रिश्तेदार के घर जा सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़े मसले पर जानकार की सलाह लें। **शुभ अंक:** 1, **रंग:** गोल्डन ब्राउन।

**तुला:** आफिस में किसी टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। आज के दिन आपका मूड बदलता रहेगा। नया वाहन खरीदने का योग बन रहा है। प्रॉपर्टी से जुड़े पुराने विवाद पर विचार करें। **शुभ अंक:** 18, **रंग** : पर्पल।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र में अपनी जगह मजूबत बनाएंगे। फैमिली फंक्शन को होस्ट कर सकते हैं। प्लान किये हुए ट्रिप की तारीख बदल सकती है। प्रॉपर्टी बेचने के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक:** 15, **रंग** : क्रीम।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में काम से आपकी पहचान बनेगी। घर में खुशियां लाने की जिम्मेदारी आपकी है। रोमांचक सफर पर निकल सकते हैं। प्रॉपर्टी बिज़नेस से जुड़े लोगों को फायदा होगा। **शुभ अंक** : 2, **रंग:** स्काई ब्लू।

**मकर:** नई नौकरी में ज्यादा जिम्मेदारी मिलेंगी। परिवार में चल रहे मतभेद को जल्द मिटाएं। यात्रा को लेकर चिंतित रहे सकते हैं। प्रॉपर्टी खरीदने में जल्दबाजी न करें। **शुभ अंक** : 11, **रंग:** केसर।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र में आपको उम्मीद से ज्यादा मिलेगा। बाहरी लोगों की वजह से पारिवारिक जीवन न बिगाड़े। यात्रा पर निकल सकते हैं। प्रॉपर्टी के मामले में मार्गदर्शन की जरूरत है। **शुभ अंक** : 4, **रंग:** पर्पल।

**मीन:** सीनियर्स आपके काम की जांच कर सकते हैं। घर में शांत रहने की कोशिश करें। लंबे समय तक बाहर रहने से अकेला महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लोन का समय पर भुगतान करें। **शुभ अंक** : 3, **रंग** : लेमन।

**:टिप्स:**

1. अपने आभूषण के बॉक्स से टूटे हुए गहनों को निकाल लें, ताकि आपके जीवन साथी के साथ संबंध और आपसी मधुरता बनी रहे।
2. अपने कार्यालय की साज सज्जा के दरम्यान नीले रंग को भी पर्याप्त स्थान दें। ऐसा कर आप कार्यक्षमता और कौशलता को बढ़ाने में सफल हो सकते हैं।
3. फेंगशुई मनी ट्री भाग्य को बढ़ाता है व जिंदगी में खुशहाली लाता है। इसे घर व ऑफिस में रखकर आप अपनी समृद्धि को बढ़ा सकते हैं।



टिप्स: मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# बिजली कंपनियों को तय समय में सेवा न देने पर देना होगा मुआवजा

### आयोग ने की नए कानून की पहल, मांगे सुझाव

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अब बिजली कंपनियों को उपभोक्ता हितों की अनदेखी महंगी पड़ेगी। अगर उपभोक्ता सेवा का तय समय में निस्तारण नहीं किया तो उन्हें विद्युत उपभोक्ताओं को मुआवजा देना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने इसके लिए नए कानून की पहल की है। नया मसौदा जारी कर एक नवंबर तक सभी पक्षों से सुझाव मांगा है।
आयोग ने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या जैसे ब्रेक डाउन, केबल फाल्ट, ट्रांसफार्मर, नया कनेक्शन, मीटर रीडिंग, लोड घटना व बढ़ाना तथा अन्य मामलों पर जवाबदेही तय की है। विद्युत वितरण संहिता 2005 में पहले से ही इसके लिए नियत समय तय है। इसके बावजूद तय समय में सेवा नहीं दी जाती है। पर, अब मनमानी नहीं चलेगी क्योंकि आयोग ने उपभोक्ताओं के हित में कंपनियों की जवाबदेही तय की है।
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि आयोग ने उपभोक्ता सेवा के मानक के लिये स्टैंडर्ड आफ परफार्मेंस रेगुलेशन 2019 का प्रस्तावित ड्राफ्ट शुक्रवार को जारी कर दिया। इस पर एक नवंबर तक सभी पक्षों की राय आने के बाद आयोग 11 नवंबर को आम जनता की सुनवाई करेगा। यह प्रस्ताव जैसे ही अंतिम रूप लेगा, बिजली कंपनियों पर भी शिकंजा कसेगा।

#### हर हाल में 60 दिन में मिलेगा मुआवजा

प्रस्तावित मसौदे में यह स्पष्ट किया गया है कि उपभोक्ता को हर हाल में 60 दिन के भीतर मुआवजा मिल जाए। किसी भी उपभोक्ता को एक वित्तीय वर्ष में उसके फिक्स चार्ज, डिमांड चार्ज के 30 प्रतिशत से अधिक का मुआवजा नहीं दिया जाएगा। वर्मा ने कहा कि जल्द ही परिषद इस प्रस्तावित ड्राफ्ट पर एक विधिक प्रस्ताव आयोग के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

### घाघरा में नाव पलटने के बाद 14 मजदूर बचाए, चार लोग लापता

एजेंसी ▶▶| गोरखपुर

संत कबीरनगर जिले के धनघटा इलाके के छपरा पूर्वी गांव में शनिवार को सुबह घाघरा नदी में एक नाव डूबने से उसमें सवार चार लोग लापता हो गये। धनघटा के एसडीएम प्रमोद कुमार ने शनिवार को यहां बताया कि सुबह खेतों में काम करने वाले कुछ मजदूर एक किनारे से दूसरे किनारे पर जा रहे थे। करीब आठ बजे नाव किनारे पहुंचने वाली थी। लेकिन तभी असंतुलित हो कर नाव पलट गई जिससे उसमे सवार 18 यात्री नदी में गिर गये। इनमें से 14 को बचा लिया गया जबकि चार लापता हैं जिनकी तलाश की जा रही है। एनडीआरएफ की टीम लापता मजदूरों की तलाश कर रही है । पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि गोताखोर भी लापता मजदूरों की तलाश कर रहे हैं। मौके पर उपजिलाधिकारी (धनघटा) और स्थानीय पुलिस मौजूद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए, जिलाधिकारी और एसपी को घटना स्थल पर पहुंचने तथा बचाव कार्य एवं हरसंभव सहायता तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# बिहार: जहानाबाद में रूक नहीं रहा खूनी संघर्ष

### छात्र की हत्या से फिर बढ़ा तनाव, धारा 144 लागू

एजेंसी ▶▶| जहानाबाद



बुधवार की शाम विसर्जन को ले जाई जा रही प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के बाद गुरुवार की सुबह पंचमहला मोहल्ले से शुरू हुई हिंसक झड़प शुक्रवार को भी जारी रही। जाफरगंज मोहल्ले में दरवाजे पर बैठे छात्र विष्णु कुमार की कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

छात्र की हत्या की खबर फैलते ही गौरक्षणी, पंचमहला, प्यारी मोहल्ला, आंबेडकर नगर, जाफरगंज, सोइया घाट आदि जगहों पर जमकर रोड़ेबाजी हुई। सोइया घाट में दो पक्षों के बीच गोलियां चलीं। इसमें मिथुन कुमार नामक युवक जख्मी हो गया।

वहीं, गोरक्षणी मोहल्ले के वार्ड पार्षद पप्पू शर्मा के भाई एक निजी चैनल के रिपोर्टर निशांत कुमार रोड़ेबाजी में गंभीर रूप से घायल हो गए। मिथुन व निशांत दोनों को गंभीर हालत में पीएमसीएच रेफर किया गया है। शुक्रवार से शुरू हुई हिंसक झड़प कल भी जारी रहा। शहर के कई इलाकों में तनाव का माहौल कायम था और दिनभर फायरिंग व रोड़ेबाजी में 12 लोग घायल हो गए थे। 36 लोगों को हिरासत में लिया गया है, शहर में धारा 144 लागू की गई थी और इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई थी।

शुक्रवार को भी उपद्रवियों के सामने पुलिस व प्रशासन के लोग बेबस नजर आए।

### हज राज्यमंत्री ने पर्सनल लॉ बोर्ड पर उठाये सवाल

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हमेशा देश के खिलाफ बोलता है: रजा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अपने बयानों के लिये अक्सर चर्चा में रहने वाले उत्तर प्रदेश के वक्फ एवं हज राज्यमंत्री मोहसिन रजा ने देश में मुसलमानों के सबसे बड़े संगठन ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को



लेकर विवादित बयान देते हुए शनिवार को हो रही उसकी कार्यकारिणी समिति की बैठक पर सवाल उठाये हैं। रजा ने कहा कि ऐसे में जब राम मंदिर पर एक बहुत बड़ा फैसला आने वाला है, उसी वक्त एक असंवैधानिक गैर सरकारी संगठन, जो देश के खिलाफ बोलता रहा है, हमेशा आतंकवाद के समर्थन में और एनआरसी और तीन तलाक रोधी कानून के खिलाफ आवाज उठाता रहा है, उसका जलसा क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि आखिर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को कौन वित्तपोषित करता है, उसे इसका जवाब देना होगा। नदवतुल उलमा को भी जवाब देना होगा कि छह महीने के अंतराल में हैदराबाद के बाद लखनऊ में बोर्ड की बैठक क्यों हो रही है। आखिर इसका मकसद क्या है और इसके पीछे शामिल लोग क्या एजेंडा लेकर आये हैं।

### मौलाना मदनी ने किया पलटवार, बोले- सवाल उठाने वालों को ये मालूम होना चाहिए कि देश में संविधान और कानून है

इस बीच, बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने रजा के बयान के बारे में पूछे गये सवाल पर संवाददाताओं से कहा कि सवाल उठाने वालों को मालूम होना चाहिये कि देश में संविधान और कानून है। उसके बारे में सबको जानकारी होनी चाहिये, जिसे नहीं पता है तो यह उसकी अपनी गलती है। महली ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड भी सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत पंजीकृत संस्था है। बोर्ड ने अपनी इस बैठक से पहले एजेंडा भी जारी किया और अयोध्या का मामला उच्चतम न्यायालय में लड़ा जा रहा है, किसी एक संगठन या व्यक्ति के सामने नहीं। उन्होंने रजा का नाम लिये बगैर कहा कि उनको मालूम होना चाहिये कि पर्सनल लॉ बोर्ड में वो लोग शामिल हैं, जिनके पुरखों ने मुल्क की आजादी पर अपना सब कुछ न्यौछावर किया है। बोर्ड ने मुल्क के खिलाफ न तो कभी कोई अपील की है और न ही कोई काम किया है। बोर्ड मुल्क के संविधान के दायरे में रहकर काम कर रहा है। मालूम हो कि ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक इस वक्त नदवतुल उलमा में हो रही है। इसमें अयोध्या मामले पर उच्चतम न्यायालय में हो रही सुनवाई और अगले महीने सम्भावित निर्णय को लेकर चर्चा हो रही है। बैठक में समान नागरिक संहिता और तीन तलाक संबंधी कानून पर भी विस्तृत विचार-विमर्श होना है। मीडिया को इस बैठक से सख्ती से दूर रखा गया है।

# महिला को जिंदा जलाया वीडियो वायरल होने पर चार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| अररिया

जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के बेलगच्छी गांव में भीड़ के क्रूर चेहरे का वीडियो वायरल हो रहा है। बच्चे की चोरी कर हत्या किए जाने के शक में आक्रोशित भीड़ ने महिला को पहले खंभे से बांधकर पीटा और फिर तेल छिड़ककर जिंदा जला दिया।

मानवता को शर्मसार करने वाले इस वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे लोग एक महिला को घर से खींचकर निकालते हैं और फिर उसे खंभे से बांधकर निर्ममतापूर्वक पीटते हैं और इससे भी मन नहीं भरता है तो उसे सरेआम जिंदा जला देते हैं। मृतक महिला के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनसे मां का साया छिन गया है। घटना मंगलवार की है। भीड़ में ही शामिल किसी शख्स ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया और अब उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। भीड़ में शामिल कई महिलाएं-पुरुष में से कोई उसे पीट रहा है तो कोई उसे वहीं जला देने की बात कर रहा है। वीडियो में यह भी स्पष्ट है कि कैसे सबूत मिटाने के लिए महिला को सरेआम जलाकर राख किया जा रहा है।

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि गांव के सुबोध चौहान का नौ माह का बेटा, प्रभात घर से गायब हो गया था जिसके बाद बच्चे के परिजन रात भर उसकी खोजबीन करते रहे। लेकिन बच्चे का कहीं पता नहीं चल सका, जिसके बाद मंगलवार की सुबह सुबोध चौहान के घर से कुछ ही दूरी पर एक पुआल के ढेर में बच्चे का शव बरामद हुआ।

शव बरामद होने के बाद बच्चे के परिजन आक्रोशित हो गए और बच्चे की चोरी और हत्या करने के आरोप में गांव के ही संजीत चौहान की पत्नी सजनी देवी को उसके घर से खींचकर पास के तालाब के किनारे ले गए और खंभे से बांधकर जमकर पिटायी की। उसके बाद भीड़ ने महिला को सरेआम तेल छिड़ककर जिंदा जला दिया।

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ता की पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या

**कृष्णनगर**। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में भाजपा कार्यकर्ता बताए जा रहे एक दुकानदार की अज्ञात बदमाशों ने उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 52 वर्षीय हरलाल देवनाथ को शुक्रवार रात को राणाघाट पुलिस थाने के तहत आने वाले हबीबपुर में गोली मार दी गई। स्थानीय भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने देवनाथ को पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए इस हत्या के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। सत्तारूढ़ पार्टी ने इस आरोप को खारिज कर दिया। देवनाथ की पत्नी चंदना ने बताया, ''हम अपनी दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। दो लोग ग्राहक बनकर आए और कुछ सामान मांगा। जब मेरे पति उन्हें सामान देने के लिए मुड़े तो उन्होंने गोली चला दी और फरार हो गए।'' चंदना चिल्लायी और स्थानीय लोग वहां जमा हो गए। वे देवनाथ को राणाघाट अस्पताल ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### समाज में खुलेआम नफरत की भावना परेशान करने वाली है: नसीरूद्दीन शाह



**मुंबई**। अभिनेता नसीरूद्दीन शाह ने शनिवार को कहा कि वह भीड़ हिंसा की घटनाओं को लेकर अपने बयान पर कायम हैं लेकिन वह समाज में खुलेआम हिंसा से बहुत व्यथित हैं। पिछले साल 69 वर्षीय अभिनेता ने भीड़ के हाथों हिंसा की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा था कि कई जगहों पर किसी पुलिसकर्मी की मौत के बजाय गाय की मौत को अधिक अहमियत दी जा रही है। 'इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट' में शाह के साथ बातचीत में अभिनेता आनंद तिवारी ने उनसे पूछा था कि क्या राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों पर उनके विचारों का फिल्म बिरादरी में उनके संबंधों पर असर पड़ता है। इस पर उन्होंने कहा फिल्म उद्योग या फिल्म से जुड़े लोगों से किसी मामले में कभी भी उनके करीबी रिश्ते नहीं रहे हैं। मैं नहीं जानता कि इससे मेरे रुख पर कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं, क्योंकि अब मुझे काम बहुत कम मिलता है। मैं बस यही महसूस करता हूं कि मैं अपने विचारों पर कायम रहता हूं। अभिनेता ने कहा मैंने लोगों की बहुत गालियां सुनी हैं, जिनके पास कुछ बेहतर करने के लिये नहीं है।

### न्यूड हुए स्वीडिश नागरिक ने विमान के अंदर मचाया हंगामा

**हैदराबाद**। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के एयरपोर्ट पर स्वीडन के एक नागरिक ने जमकर हंगामा किया। विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो के प्लेन के अंदर स्वीडिश नागरिक ने पहले तो खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। क्रू मेंबर्स के लिए उस वक्त मुश्किल बढ़ गई, जब उसने बाथरूम से बाहर आने से मना कर दिया। किसी तरह सुरक्षाकर्मियों ने उसे निकालना चाहा तो उसने अपने सारे कपड़े उनके ऊपर फेंक दिए और वहीं पर निर्वस्त्र खड़ा रहा।
बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में लिया और जांच के लिए उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल ले गए। यहां भी उसने जमकर बवाल किया और निर्वस्त्र हालत में ही हॉस्पिटल से भागने की कोशिश की। एयरपोर्ट पर यह हंगामा तकरीबन आधे घंटे तक चलता रहा और इसकी वजह से कई विमान यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ी। सुरक्षाकर्मियों को बुलाया गया।' पुलिस को संदेह है कि स्वीडिश नागरिक का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। पुलिस उसे हॉस्पिटल ले गई है। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं।

शाह ने केंद्रीय सूचना आयोग के 14 वें वार्षिक सम्मेलन में कहा

# सरकार ने सूचनाओं का खुलासा कर आरटीआई अर्जी दायर करने की जरूरत कम की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा सूचनाओं को सक्रियता से सार्वजनिक पटल पर रखना है ताकि आरटीआई आवेदन दायर करने की जरूरत को कम किया जा सके। शाह ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के 14 वें वार्षिक सम्मेलन में कहा कि आरटीआई आवेदनों की अधिक संख्या में किसी सरकार की सफलता नहीं छिपी होती। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए शाह ने कहा आरटीआई आवेदन दायर करने के सहज तरीके उपलब्ध होने के बावजूद उनकी संख्या कम होने का अर्थ है कि सरकार का काम संतोषजनक है। आरटीआई आवेदन ज्यादा होना सरकार की सफलता को नहीं दर्शाता। उन्होंने कहा हम एक ऐसा तंत्र लाना चाहते हैं जहां लोगों को सूचना पाने के लिए आरटीआई आवेदन दाखिल करने की जरूरत न महसूस हो। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाई गई डैशबोर्ड प्रणाली ने सुनिश्चित किया कि हर किसी को बिना आरटीआई आवेदन दायर किए देश में जारी योजनाओं की ऑनलाइन जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा संविधान और व्यवस्था में जब यह विश्वास जागृत रहता है तो लोगों की सहभागिता अपने आप बढ़ जाती है जो देश को आगे ले जाती है। लेकिन जब अविश्वास होता है तो लोगों की सहभागिता मंद पड़ जाती है।

**खास बातें**

- डैशबोर्ड के प्रयोग के जरिए हमने एक नये पारदर्शी युग की शुरुआत की
- काई भी व्यक्ति डैशबोर्ड पर जाकर देख सकता है कि कितने शौचालय बनाए गए
- सरकार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कानून से दो कदम आगे बढ़ गई है



### केदारनाथ पुनर्निर्माण परियोजना की ड्रोन से की जा रही है निगरानी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हर मौसम में खुली रहने वाली सड़क के निर्माण सहित केदारनाथ की पुनर्निर्माण परियोजना की निगरानी ड्रोनों से की जा रही है। इससे निर्माण स्थल पर जाकर कर्मियों के निरीक्षण करने की आवश्यकता भी कम हो गयी है। शाह ने यहां केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के 14 वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। सुशासन के लिए तकनीक के इस्तेमाल की जरूरत को रेखांकित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने जनधन खाते, आधार, मोबाइल और खरीदारी के लिए जीईएम पोर्टल जैसी विभिन्न पहल में तकनीक का इस्तेमाल किया है। आयोजन के मुख्य अतिथि शाह ने कहा जियो टैगिंग के जरिए उपग्रह की तस्वीरों का इस्तेमाल करते हुए हमें पता चल जाता है कि बांध का निर्माण हुआ या नहीं, बांध में जलस्तर क्या है और ड्रोनों के प्रयोग से सिंचाई की भी निगरानी होती है। शाह ने कहा अब केदारनाथ में काम चल रहा है हर मौसम में चालू रहने वाली सड़क बनायी जा रही है।

**एक अनपढ़ महिला डैशबोर्ड पर क्लिक कर जान सकती है कि उसे गैस सिलेंडर कब मिलेगा**

उन्होंने कहा डैशबोर्ड के प्रयोग के जरिए हमने एक नये पारदर्शी युग की शुरुआत की। एक व्यक्ति डैशबोर्ड पर जाकर देख सकता है कि कितने शौचालय बनाए गए। डैशबोर्ड का प्रयोग कर लोग जान सकते हैं कि सौभाग्य योजना के तहत बिजली कनेक्शन कब मिलेगा। एक निरक्षर महिला डैशबोर्ड पर क्लिक कर जान सकती है कि उसे गैस सिलेंडर कब मिलेगा। आरटीआई होना चाहिए इस बात पर जोर देते हुए शाह ने कहा कि सरकार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कानून से दो कदम आगे बढ़ गई है।

**कानून का मुख्य उद्देश्य लोगों में विश्वास पैदा करना**

शाह ने कहा सरकार ने प्रशासन का काम इतना पारदर्शी बना दिया है कि आरटीआई आवेदन दायर करने की बहुत कम जरूरत है। यह प्रणाली इस तरह से काम करेगी कि हमें आरटीआई आवेदनों को दाखिल करने की जरूरत न हो। शाह ने कहा कि कानून बनाने की पीछे की मंशा को पूरा करने में देश पिछले 14 साल से सफल रहा है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून बनाने के बीच मूल विचार व्यवस्था में लोगों का विश्वास बढ़ाना था। उन्होंने कहा व्यवस्था संविधान के चार कोणों पर चलती है। कानून का मुख्य उद्देश्य लोगों में विश्वास पैदा करना है कि व्यवस्था संविधान के अनुसार चल रही है।

चेक बाउंस मामला

## अमीषा पटेल के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- अजय का आरोप, साल 2018 में फिल्म देसी मैजिक बनाने के लिए 3 करोड़ रुपये उधार दिए थे
- जब भी अमीषा से पैसे वापस मांगते तो वह टाल-मटोल कर जाती थीं



बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल के खिलाफ रांची कोर्ट ने अरेस्ट वारंट जारी किया है। अमीषा पर प्रोड्यूसर अजय कुमार ने ढाई करोड़ रुपये का चेक बाउंस का आरोप लगाया है। अजय का आरोप है कि उन्होंने साल 2018 में फिल्म देसी मैजिक बनाने के लिए 3 करोड़ रुपये उधार दिए थे। इसके बाद वह जब भी अमीषा से पैसे वापस मांगते तो वह इस बात पर कोई न कोई टाल-मटोल कर जाती थीं या कोई प्रतिक्रिया नहीं देती थीं। बाद में जब फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई तो प्रोड्यूसर ने पैसे मांगे। अमीषा ने ढाई करोड़ का चेक भी दिया। मगर जब चेक को बैंक में लगाया गया तो वह बाउंस हो गया। इसी मामले में अमीषा के खिलाफ रांची कोर्ट में धोखाधड़ी का केस चल रहा है। अजय ने बताया कि केस दर्ज करने के बाद से लेकर अब तक अमीषा से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने एक बार भी रिस्पॉन्ड नहीं किया है। इसके बाद अमीषा को समन भेजे गए और पैसों को लेकर कोर्ट में कार्रवाई चलती रही।

### सनी देओल, करिश्मा कपूर को शूटिंग के दौरान ट्रेन रोकने के मामले में आरोप मुक्त



जयपुर। जयपुर की एक स्थानीय अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता और सांसद सनी देओल तथा अभिनेत्री करिश्मा कपूर को शूटिंग के दौरान ट्रेन रोकने के 20 वर्ष से अधिक पुराने मामले में आरोप मुक्त कर दिया। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री करिश्मा कपूर के वकील ए के जैन ने शनिवार को बताया कि जयपुर की अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई के बाद दोनों कलाकारों को आरोप मुक्त कर दिया।

अयोध्या मामला

## बाबरी मस्जिद की जमीन किसी को नहीं सौपेंगे : पर्सनल लॉ बोर्ड

**लखनऊ**। सुप्रीम कोर्ट में चल रहे अयोध्या मामले को लेकर ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शनिवार को एक बैठक की। इस बैठक में ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बाबरी मस्जिद को लेकर मुस्लिम समुदाय के मूल रुख को दोहराने का फैसला लिया है। एआईएमपीबीएल ने कहा कि जो भूमि मस्जिद के लिए समर्पित है, उसे बदला या स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। अब कोई भी मुस्लिम या वक्फ भूमि को हस्तांतरित नहीं कर सकता है। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना राबे हसनी नदवी की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित नदवतुल उलमा में हुई बोर्ड की एक्जीक्यूटिव कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में अयोध्या मामला, समान नागरिक संहिता और तीन तलाक के अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी की इस महत्वपूर्ण बैठक में महासचिव मौलाना वली रहमानी, उपाध्यक्ष फखरुद्दीन अशरफ किछौछवी, मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी और मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली समेत तमाम कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।



### अब अयोध्या मसले का समाधान मध्यस्थता के जरिए संभव नहीं

एआईएमपीबीएल ने कहा कि इस मसले का हल मध्यस्थता के जरिए निकालने के लिए पूरी कोशिश की लेकिन अब अयोध्या मसले का समाधान मध्यस्थता के जरिए संभव नहीं है। एआईएमपीबीएल ने फैसला मुसलमानों के पक्ष में आने का यकीन जताते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता न सिर्फ मुस्लिमों के लिए बल्कि अनेक गैर-मुस्लिम बिरादरियों के लिए भी अव्यावहारिक है।

### बीएसएफ ने छापेमारी में पकड़े 16 बांग्लादेशी



**कोलकाता**। दक्षिण बंगाल के जिलों में शुक्रवार से जारी सिलसिलेवार छापेमारी में 16 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने अक्टूबर में सीमावर्ती मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तरी 24 परगना और नदिया जिलों में छापेमारी के दौरान 89 पशुओं के सिर और वर्जित दवा की 1,895 गोलियां भी जब्त कीं। अधिकारी ने बताया कि भारत में अवैध रूप से घुसने का प्रयास करते हुए उत्तरी 24 परगना जिले के स्वरूप नगर इलाके से पांच और हाकिमपुर इलाके से नौ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मालदा जिले के वैष्णवनगर इलाके में ऐसी ही कोशिश करते हुए दो अन्य बांग्लादेशियों को पकड़ा गया।

### नक्सिलयों ने दो सरकारी अधिकारियों समेत तीन का अपहरण किया

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले से नक्सलियों ने दो सरकारी अधिकारियों तथा सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदार के एक कर्मचारी का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों का अपहरण शुक्रवार की शाम चार बजे के करीब पटोली गांव से किया गया। इस गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण का काम चल रहा था। उन्होंने बताया कि अपहृत व्यक्तियों की पहचान पीएमजीएसवाई के उप अभियंता अरूण मरावी, मनरेगा के तकनीकी सहायक मोहन बघेल और निर्माण ठेकेदार के अकाउंटेंट के रूप में की गयी है। ये तीनों सड़क निर्माण के काम से जुड़े थे। पुलिस और अर्द्धसैनिक बल की टीमें मौके पर पहुंच गयी है, तलाशी अभियान जारी है।

### आस्था...



नई दिल्ली के बिड़ला मन्दिर में आयोजित चतुर्वेद स्वाहाकार महायज्ञ में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी हिस्सा लिया।

एनसीटीई ने बीते 6 सितंबर को इसे अमान्य किया था

## अमान्य डीएलएड कोर्स की पुनः परीक्षा जनवरी में

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले महीने की 6 सितंबर को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के जिस 18 महीने के डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन कोर्स (डीएलएड) की मान्यता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने रद्द कर दी है। उसी की एक बची हुई परीक्षा का एनआईओएस फिर से आयोजन करने जा रहा है। इसके लिए उसने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक डेटशीट जारी (सब्जेक्ट कोड 501 से 510 तक के विषय शामिल) कर अगले वर्ष 4 से 18 जनवरी 2020 तक 2 से 5 बजे के बीच में यह परीक्षा कराने की घोषणा कर दी है। आंकड़ों के हिसाब से इस परीक्षा में देशभर से कुल करीब सवा लाख शिक्षक बैठेंगे।

### मंत्रालय करेगा निर्णय

अमान्य कोर्स पर फिर से परीक्षा आयोजित करने को लेकर एनआईओएस के अध्यक्ष प्रोफेसर सी बी शर्मा ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि इस विषय को लेकर मैं अभी कुछ भी नहीं बोलूंगा। क्योंकि इस पर कोई भी निर्णय करने का अधिकार केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को है। मैंने उनसे मिलने का समय मांगा है। एनसीटीई ने बिहार प्रशासन द्वारा 18 महीने के डीएलएड कोर्स को लेकर मांगे गए एक स्पष्टीकरण में कहा है कि इसे शिक्षकों के प्रशिक्षण से जुड़े हुए सामान्य दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम के बराबर नहीं माना जा सकता है।

- इस बार यह परीक्षा पूर्व में डीएलएड की परीक्षा पास न करने वाले सवा लाख अप्रशिक्षित शिक्षक देंगे

शिवसेना ने जारी किया घोषणा-पत्र

## 10 रुपये में भरपेट भोजन और किसानों की कर्जमाफी का वादा

**आरे में की गई पेड़ कटाई का जिक्र नहीं**

एजेंसी ⏭ मुंबई



महाराष्ट्र में बीजेपी की सहयोगी शिवसेना ने विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया है। शनिवार को जारी घोषणा-पत्र में शिवसेना ने 10 रुपये में भरपेट भोजन और किसानों की कर्जमाफी का वादा किया है। हैरानी की बात है कि शिवसेना ने जिस आरे जंगल में पेड़ों की कटाई को लेकर सत्ता में सहयोगी बीजेपी का विरोध किया, उसी आरे जंगल के मुद्दे को घोषणा-पत्र में जगह नहीं दी गई है। बता दें कि मुंबई मेट्रो के कारशेड के लिए बीते 4-5 अक्टूबर को भारी विरोध के बीच आरे में 2141 पेड़ों की कटाई की गई थी। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे ने शनिवार को घोषणा-पत्र जारी किया। आदित्य ठाकरे इस चुनाव में मुंबई की वर्ली सीट से शिवसेना के उम्मीदवार हैं। मेट्रो कारशेड प्रॉजेक्ट के बारे में पूछे जाने पर उद्धव ने कहा हम आरे कॉलोनी में बनने वाले कारशेड का विरोध करते रहेंगे।' बता दें कि पिछले हफ्ते आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई को लेकर भारी विरोध-प्रदर्शन हुआ था। पुलिस ने ऐहतियातन इलाके में निषेधाज्ञा लागू की थी और 29 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें बाद में कोर्ट से जमानत मिल गई थी।

### वर्ष 2000 में बाल ठाकरे की गिरफ्तारी पर अजित पवार से माफी चाहते हैं राउत

मुंबई। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने वर्ष 2000 में बाल ठाकरे की गिरफ्तारी को लेकर राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार के बयान के बाद उनसे माफी की मांग की है। एक दिन पहले पवार ने कहा था कि दिवंगत शिवसेना प्रमुख को गिरफ्तार करना एक भूल थी। शिवसेना के राज्यसभा सदस्य और संसद में पार्टी के मुख्य सचेतक राउत ने ट्विटर पर लिखा आपको इस बात का एहसास करने में लंबा वक्त लगा कि बाला साहब ठाकरे को गिरफ्तार करना एक भूल थी। अगर आपके आंसू सच्चे हैं तो आपको उनकी गिरफ्तारी पर माफी मांगनी चाहिए। अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि उनके जैसे कुछ अन्य नेताओं के विरोध के बावजूद राकांपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने वर्ष 2000 में बाला साहब ठाकरे की गिरफ्तारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा यह एक भूल थी। महाराष्ट्र में कांग्रेस-राकांपा की सरकार के दौरान शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' में सांप्रदायिक घृणा की भावना को कथित तौर पर उकसाने के आरोप में ठाकरे को गिरफ्तार किया गया था।

### हाथ में सांप लेकर गरबा करने के आरोप में दो महिलाएं व एक युवती गिरफ्तार



- उप वन संरक्षक के अनुसार कोबरा के विषदंत तोड़े गए थे जबकि अन्य दो सांप विषरहित थे

**जूनागढ़**। गुजरात के जूनागढ़ जिले में दो महिलाओं और एक युवती को हाथ में सांप लेकर गरबा नृत्य करने के आरोप में दो अन्य व्यक्तियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। वन विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस नृत्य का एक वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई की गयी है। अधिकारी ने कहा कि सभी आरोपियों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। जूनागढ़ के उप वन संरक्षक सुनील बेरवाल ने कहा सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में हाल ही में संपन्न नवरात्रि पर्व के दौरान दो महिलाएं और एक लड़की हाथों में एक कोबरा और दो विषरहित सांप लिए गरबा नृत्य करती दिख रही हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम जूनागढ़ जिले के शील गाँव में 6 अक्टूबर को आयोजित किया गया। बेरवाल ने कहा जब वीडियो हमारे संज्ञान में आया तो हमने घटना की जांच की। हमने दो महिलाओं और एक लड़की समेत पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बाकी दो व्यक्तियों ने कार्यक्रम का आयोजन किया था और सांप लाकर दिए थे। सभी को गुरुवार को गिरफ्तार कर स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें जमानत मिल गयी। उप वन संरक्षक के अनुसार कोबरा के विषदंत तोड़े गए थे जबकि अन्य दो सांप विषरहित थे।

# भारत-चीन वार्ता से उम्मीद



महाबलीपुरम
प्रमोद जोशी

**भारत-चीन के बीच सीमा इतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बड़ी चिंता चीनी नीति में पाकिस्तान की केन्द्रीयता से है। चीन न केवल पैसे से बल्कि सैनिक तकनीक, हथियारों तथा उपकरणों से भी पाक को लैस कर रहा है। भारत आने के पहले शी चिनफिंग ने इमरान को बुलाकर उनसे बात की थी। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता और एनएसजी में चीनी अड़ंगा है। मसूद अजहर को लेकर भी चीन ने आनाकानी की। अनुच्छेद 370 पर भी उसका नजरिया जगजाहिर है। इसके अलावा कई बड़े आर्थिक सवाल भी है।**

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की दो दिन की भारत यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच पैदा हुई कड़वाहट एक सीमा तक कम हुई है। फिर भी इस बातचीत से यह निष्कर्ष नहीं निकाल लेना चाहिए कि हमारे रिश्ते बहुत ऊंचे धरातल पर पहुंच गए हैं। ऐसा नाटकीय बदलाव कभी संभव नहीं। दिसम्बर 1956 में भी चीन के तत्कालीन प्रधानमंत्री चाऊ-एन-लाई महाबलीपुरम में आए थे। वो दिन हिन्दी-चीनी भाई-भाई के थे। उसके छह साल बाद ही 1962 की लड़ाई हो गई। दोनों के हित जहां टकराते हैं, वहां ठंडे दिमाग से विचार करने की जरूरत है। विदेश नीति का उद्देश्य दीर्घकालीन राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना होता है।

भारतीय विदेश नीति के सामने इस समय तीन तरह की चुनौतियां हैं। एक, राष्ट्रीय सुरक्षा, दूसरे आर्थिक विकास की गति और तीसरे अमेरिका, चीन, रूस तथा यूरोपीय संघ के साथ रिश्तों में संतुलन बनाने की। महाबलीपुरम की शिखर वार्ता भले ही अनौपचारिक थी, पर उसका औपचारिक महत्व है। पिछले साल अप्रैल में चीन के वुहान शहर में हुए अनौपचारिक शिखर सम्मेलन से इस वार्ता की शुरुआत हुई है, जिसका उद्देश्य टकराव के बीच सहयोग की तलाश।

दोनों देशों के बीच सीमा इतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बड़ी चिंता चीनी नीति में पाकिस्तान की केन्द्रीयता से है। खुली बात है कि चीन न केवल पैसे से बल्कि सैनिक तकनीक, हथियारों तथा उपकरणों से भी पाकिस्तान को लैस कर रहा है। भारत आने के पहले शी चिनफिंग ने इमरान खान को बुलाकर उनसे बात की थी। सही या गलत यह एक प्रकार का प्रतीकात्मक संकेत था। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता और एनएसजी में चीनी अड़ंगा है। मसूद अज़हर को लेकर चीन ने कितनी आनाकानी की। कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के बाद चीन ने मामले को सुरक्षा परिषद में उठाने की जब घोषणा की थी, तब विदेशमंत्री एस जयशंकर ने चीन जाकर भारत के रुख को स्पष्ट किया था। भले ही चीन को बात समझ में नहीं आए पर समझाना हमारा फर्ज है। दोनों देशों के बीच ज्यादा बड़े सवाल आर्थिक हैं। दोनों का व्यापार 95 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा पिछले साल बढ़कर 57.86 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। 2017 में यह 51.72 अरब डॉलर था।

पिछले साल अप्रैल में वुहान शिखर वार्ता के बाद चीन ने भारतीय औषधियों के लिए अपना बाजार खोलने की घोषणा की थी। देखना होगा कि इस वार्ता के बाद क्या होता है। चीन के घरेलू बाजार में हमारी दवाओं और आईटी उत्पादों और सेवाओं के प्रवेश जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। चीन पर अमेरिकी प्रतिबंधों का दबाव भी है। चीनी कम्पनी ह्वावे को लेकर भारत पर अमेरिकी दबाव है। दोनों के बीच संतुलन बैठाने में भारत की परीक्षा है।

दोनों देशों के कारोबारी रिश्तों में जितनी गहराई है, उतनी ही बड़ी खाई सामरिक रिश्तों में है। सन 1962 के बाद से भारत ने चीन पर भरोसा करना छोड़ दिया है पर यह भी सच है कि 57 साल बाद भी दोनों देशों ने सीमा विवाद को लेकर संयम बरता है। सन 2017 के डोकलाम विवाद के बावजूद पिछले साल वुहान शिखर सम्मेलन हुआ और अब कश्मीर पर तनातनी के बावजूद महाबलीपुरम सम्मेलन दोनों देशों की समझदारी के कारण सम्भव हुआ है।

भारतीय विदेश नीति की एक बड़ी परीक्षा हाल में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई थी, जब भारत ने एक तरफ ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में और दूसरी तरफ चतुष्कोणीय सुरक्षा वार्ता में भी भाग लिया। चतुष्कोणीय सुरक्षा यानी क्वॉड वार्ता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक सामूहिक सुरक्षा समझौते की दिशा में बढ़ रही है। हालांकि भारत मानता है कि यह चीन के खिलाफ बनने वाला मोर्चा नहीं है, पर व्यावहारिक सच है कि यह चीन-विरोधी सामरिक मोर्चा ही है। सच यह भी है कि इसमें शामिल होने के बावजूद भारत का चीन के प्रति नरम रवैया है। भारत ने दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ाई हैं। चीन की सीमा से लगे देशों के साथ रिश्ते सुधारे हैं। वियतनाम और फिलीपींस के साथ सामरिक समझौते भी किए हैं। मंगोलिया के साथ दोस्ती कायम की है। नरेन्द्र मोदी सितम्बर में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम के सालाना अधिवेशन में शामिल होने के लिए रूस के व्लादीवोस्तक गए थे। यह फोरम रूस के सुदूर पूर्व इलाके में विदेशी निवेश और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गठित किया गया है। व्लादीवोस्तक रूस के सुदूर पूर्व में चीन के साथ लगा हुआ बंदरगाह है। चीन, दक्षिण कोरिया और जापान के करीब पड़ने वाला यह क्षेत्र एशिया-प्रशांत के बढ़ते महत्व के कारण दुनिया का ध्यान खींच रहा है। भारत ने इसके विकास के लिए एक अरब डॉलर की क्रेडिट लाइन की घोषणा की है।

जिस तरह चीन ने हिन्द महासागर में भारत की घेराबंदी की कोशिश की है, तकरीबन उसी तरह भारत ने भी हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में पेशबंदी की है। व्यावहारिक राजनय के लिहाज से इसमें हैरत की कोई बात नहीं है। दोनों देशों के बीच सहयोग और प्रतिस्पर्धा दोनों चलेंगे। चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारत को स्किल, स्पीड और स्केल चाहिए।

चीन ने पिछले कई दशकों में जिस तरह से अपनी विकास की कहानी लिखी है, वैसा ही कुछ भारत को भी करना होगा। भारत ने फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा, आईटी और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में काफी प्रगति की है, पर उसे आर्थिक संवृद्धि को तेज करना होगा। संयोग से यह एक नए संधिकाल का है। चीन की गति धीमी पड़ रही है और भारत की तेज हो रही है। चीन को भी भय है कि कहीं भारत पूरी तरह अमेरिकी खेमे में न चला जाए। और अमेरिका को भी अंदेशा है कि भारत कहीं चीन के करीब न हो जाए।

यह बात हमारे हित में है। पर हमें व्यावहारिक दृष्टि से देखना होगा। चीन 15 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और हम अगले पांच साल में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। उसने पिछले चार दशक में जबर्दस्त आर्थिक प्रगति की है। हम उसके बराबर आ सकते हैं, पर इसके लिए हमें भी तेज प्रगति करनी होगी।

# संशय में शिखर वार्ता



संबंध
प्रभात कुमार रॉय

एशिया के दो महान ऐतिहासिक और सांस्कृतिक राष्ट्रों के बीच चेन्नई के निकट स्थित ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्थल मामल्लापुरम में दो दिन की दूसरी अनौपचारिक शिखर वार्ता की गई। भारत-चीन में सदियों पुराना सांस्कृतिक व धार्मिक संबंध रहा है। मामल्लापुरम इस अटूट संबंध की मिसाल है। अनौपचारिक शिखर वार्ता में बिना किसी सुनिश्चित एजेंडे के दो राष्ट्रों के शिखर नेतृत्व के मध्य कूटनीतिक वार्ता का आयोजन होता है। कूटनीतिक वार्ताओं के मध्य

**चीन सरकार ने मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने के संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव का दस वर्षों तक विरोध किया। अंततः 1 मई 2019 को मसूद अज़हर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित किया। इससे सिद्ध हो जाता है कि चीन सरकार आतंकवाद के सवाल पर किस कदर दोहरा आचरण करती है।**

भारत में चीन के प्रति अविश्वासपूर्ण संशय का भाव सदैव बना रहा है। आक्साई चिन और अरुणाचलम सीमा विवाद के कारण वर्ष 1962 में भारत-चीन में एक विकट युद्ध लड़ा गया। वर्ष 1962 के पश्चात वर्ष 1967 और 1987 में भी भारतीय सेना और चीनी लाल फौज़ के मध्य सैन्य संघर्ष हुए।

एक सुखद तथ्य है कि विगत 32 वर्षों के दौरान दोनों राष्ट्रों की सेनाओं के बीच एक भी फायर नहीं किया गया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग के भारत पधारने से पूर्व पाक़ प्रधानमंत्री इमरान खान दो दिन के दौरे पर चीन गए थे। पाक़ प्रधानमंत्री के दौरे के समापन समारोह में चीन सरकार ने कहा कि चीन वस्तुतः पाकिस्तान की सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खड़ा है, अतः विवादित कश्मीर भारत की कार्यवाही का चीन विरोध करता है। यक्षप्रश्न यह है कि आखिरकार चीन कम्युनिस्ट हुकूमत पर भारत सरकार को कितना भरोसा करना चाहिए। वर्ष 2014 में राष्ट्रपति शी जिनफिंग की भारत यात्रा के बाद पांच ऐसे अवसर उत्पन्न हुए, जब चीन सरकार ने भारत के विरुद्ध खुलकर आचरण किया।

वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सदस्यता प्रदान करने के लिए चीन चार वर्ष से जबरदस्त विरोध कर रहा है। उल्लेखनीय है कि चीन की हठधर्मिता के कारण ही भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद स्थायी सदस्य नहीं बनाया जा सका है। मई, 2016 में भारत द्वारा न्यूक्लियर सप्लायर ग्रुप की सदस्यता के लिए अर्जी दी थी। चीन ने भारत को एनएसजी की सदस्यता प्रदान करने का विरोध किया था। चीन की पेशकश है कि यदि भारत को एनएसजी का सदस्य बनाया जाता है तो फिर पाकिस्तान को भी एनएसजी का सदस्य वनाया जाना चाहिए।

जून, 2017 में चीनी फौज ने डोकलाम में घुसपैठ की और सड़क निर्माण शुरू कर दिया। डोकलाम इलाके पर चीन अपना दावा पेश करता है। भारतीय सेना ने डोकलाम क्षेत्र में चीनी घुसपैठ का विरोध किया था। डोकलाम विवाद के कारण भारत-चीन के बीच तनाव बना रहा। वर्ष 2018 की वुहान शिखर वार्ता में डोकलाम विवाद को निपटा लिया गया। दक्षिण चीन सागर के द्वीपों पर चीनी फौज़ प्रभुत्व स्थापित करने का निरंतर प्रयास करती रहती है।

चीन सरकार ने मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने के संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव का दस वर्षों तक निरंतर विरोध किया और वीटो किया। अंततः संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 1 मई 2019 को जैश सरगना मसूद अज़हर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित किया। इसी एक तथ्य से सिद्ध हो जाता है कि चीन सरकार अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के सवाल पर किस कदर दोहरा आचरण करती है। पाकिस्तान को अंध समर्थन देने वाली चीन सरकार पर कितना विश्वास किया जाना चाहिए। पीओके के इलाके पर कब्जा जमाए हुए चीन द्वारा पाक़ हुकूमत का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर पर प्रस्ताव पेश किया गया।

# महाबलीपुरम चयन के मायने



अंदर की बात
अवधेश कुमार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में अनेक परंपराओं और विदेशी मेहमानों के आगमन से संबंधित उन प्रोटोकॉलों को बदला है जिनमें बंधे रहना जरुरी नहीं था। इसी कड़ी में विदेशी मेहमानों के साथ दिल्ली के बाहर भी वार्ता व समझौते करते रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शि जिनपिंग की अगवानी उन्होने राजधानी दिल्ली के बजाय तमिलनाडु के महाबलीपुरम की। चूंकि यह चीन के वुहान से आरंभ अनौपचारिक बातचीत का दूसरा दौर था, इसलिए इसमें प्रोटोकॉल आदि की कोई बाध्यता नहीं। इसलिए मोदी पारंपरिक तमिल परिधान वेष्टि यानी लुंगी सदृश पहनावा में थे तो शि भी शर्ट पैंट के सामान्य वस्त्र में। मोदी ने शि की अगवानी करते हुए एक घंटे तक उनको महाबलीपुरम के प्राचीन मंदिरों, झुकी चट्टान जैसी भारत की अनमोल विरासत को दिखाया। दोनों शीर्ष नेताओं ने अर्जुन की तपस्यास्थली, पंच रथ और शोर मंदिर को देखा। मोदी ने शी चिनफिंग को कृष्णा बटर बॉल दिखाया। 250 टन का यह प्राकृतिक चट्टान पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस चट्टान के बारे में कहा जाता है कि 1200 साल से यह एक ही स्थान पर स्थित है। समुद्र किनारे स्थित शोर मंदिर के पूरब और पश्चिम दोनों ही दिशाओं में शिवमंदिर हैं जिनमें गर्भगृह और शिवलिंग स्थापित है। दोनों मंदिरों के बीच में एक छोटा सा मंदिर है जिसमें लेटे हुए विष्णु हैं। इसी के प्रांगण में मशहूर शास्त्रीय नृत्यांगना और सक्रियतावादी रुक्मणि देवी द्वारा गठित नृत्य समूह कलाक्षेत्र के नृत्य व गायन के सयुक्त प्रदर्शन का आनंद दिया।

इससे एक निष्कर्ष तो यह निकलता है कि इस क्षेत्र के चयन के पीछे अपने देश की महान विरासत का यकीन दिलाना था। चीन और भारत के प्रधानमंत्रियों के वहां घूमने की लाइव तस्वीरें जहां-जहां गईं होंगी वहां उस स्थान को जाकर देखने की इच्छा पैदा होगी। तो इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। एक दिन में महाबलीपुरम उतनी प्रसिद्धि पा गया जो करोड़ों के विज्ञापन से नहीं होता। चेन्नई से करीब 55 किमी दूर स्थित महाबलीपुरम बंगाल की खाड़ी के किनारे बसा है जिसकी स्थापना 7वीं सदी में पल्लव वंश के राजा नरसिंह देव बर्मन ने की थी। राजा नरसिंह को मामल्ल के नाम से भी जाना जाता था। इन्हीं के नाम पर इस शहर का नाम महाबलीपुरम रखा गया। मोदी ने इसका चयन इसलिए भी किया क्योंकि चीन से भी महाबलीपुरम का पुराना संबंध रहा है। तो क्या रहा है संबंध?

शक्तिशाली पल्लव शासकों का मामल्लपुरम लंबे समय तक फूलता-फलता बंदरगाह रहा था। पल्लव वंश का चीन के साथ संबंध रहा था। उन्होंने अपने शासनकाल में वहां दूत भेजे थे। पुरातात्विक साक्ष्यों पर नजर डालने से पता चलता है कि मममल्लपुरम (महाबलीपुरम) का करीब 2000 साल पहले चीन के साथ संबंध था। पुरातत्वविदों ने तमिलनाडु के पूर्वी तट पर बरामद हुए पहली और दूसरी सदी के सेलाडॉन (मिट्टी के बर्तन) को चीनी समुद्री गतिविधियों से जुड़ा बताया है। ऐसे साक्ष्य और अन्य पुरातात्विक सबूतों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वर्तमान मामल्लपुरम और कांचीपुरम जिले के तटीय क्षेत्रों समेत इन क्षेत्रों का चीन के साथ संबंध था। भारतीय पुरातत्व विभाग के के एक शोध में चीन, फारस और रोम के प्राचीन सिक्के काफी संख्या में मिले। इन सिक्कों से भी साबित होता है कि महाबलीपुरम शहर प्राचीन समय में एक व्यापारिक बंदरगाह था। कांचीपुरम में 7वीं सदी में पल्लव शासन के दौरान चीनी यात्री ह्वेन सांग आए थे और राजा महेंद्र पल्लव ने उनकी अगवानी की थी। इस तरह यहां से शि को यह संदेश देने की कोशिश हुई है कि चीन और भारत के संबंध आज के नहीं बल्कि सदियों पुराने हैं।

**शक्तिशाली पल्लव शासकों का मामल्लपुरम लंबे समय तक फूलता-फलता बंदरगाह था। पल्लव वंश का चीन के साथ संबंध रहा था। उन्होंने अपने शासनकाल में वहां अपने दूत भेजे थे। पुरातात्विक साक्ष्यों पर नजर डालने से पता चलता है कि मममल्लपुरम (महाबलीपुरम) का करीब 2000 साल पहले चीन के साथ संबंध था।**

भारत चीन के जटिल संबंधों को देखते हुए इसका चीन के नेताओं पर कितना असर होगा कहना कठिन है। किंतु इससे चीन के अंदर यह संदेश तो गया है कि हम दोनों प्राचीन सभ्यता वाले देश हैं जिनका संबंध अत्यंत प्राचीन काल से है। यह कूटनीति में सॉफ्ट पावर कहलाता है जिसका असर होता है। इसके दो पहलू और है। ये दोनों भारतीय राजनीति से जुड़े हैं। भाजपा दक्षिण के राज्यों मुख्यतः तमिलनाडु में अपना स्थान बनाने की कोशिश कर रही है लेकिन सफल नहीं है। अभी गृहमंत्री अमित शाह के हिन्दी पर सर्वसामान्य बयान को लेकर द्रमुक के नेता एम. के. स्टालिन तथा कमल हासन ने बवाल खड़ा कर दिया था। प्रधानमंत्री ने पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ महासभा के भाषण में तमिल को पुरानी भाषा बताते हुए वहां के एक कवि को उद्धृत किया। इससे वहां सकारात्मक संदेश गया। अब तमिलनाडु में शि जिनपिंग को बुलाकर पूरे प्रदेश को यह संदेश दिया है कि मोदी सरकार में उनको कितना महत्व दिया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री तमिलनाडु के पारंपरिक वस्त्र में घूमते हुए स्वयं को वहां के लोगों से जुड़ने की रणनीति अपनाई है। निश्चय ही इसका काफी संकारात्मक संदेश तमिलनाडु में गया होगा। मोदी के काम करने का यही तरीका है जिससे जनता का एक बड़ा हिस्सा उनका दीवाना हो जाता है। अब एक वर्ग तो ऐसा खड़ा हो ही गया होगा जो वहां की द्रमुक और उसकी साथी पार्टियों की आलोचना के जवाब महाबलीपुरम में शि मोदी मिलन तथा तमिल वेश अपनाने का तर्क देगा।

इस तरह मोदी ने चीन के राष्ट्रपति चीन से जुड़े ऐतहासिक स्थल पर शानदार स्वागत कर सधी हुई कूटनीति की तो दूसरी ओर घरेलू राजनीति को भी साधा है। इसमें एक और महत्वपूर्ण बात है। द्रमुक और उसकी तरह कई पार्टियां कहती हैं कि तमिलनाडु की अलग नस्ल व संस्कृति है। वे देवी-देवताओं का मजाक उड़ाते है। इससे वहां का एक बड़ा वर्ग प्रभावित है। हालांकि वहां भारत की परंपरागत संस्कृति और धर्म को मानने वाले भी हैं। किंतु द्रमुक जैसी पार्टियों की धारा पेरियार से चल रही है। महाबलीपुरम में हिन्दू देवताओं के मंदिरों के देखने से यह धारणा गलत साबित होती है कि द्रविड़ आर्य से अलग संस्कृति रही है। वहां हिन्दू धर्म को कोई लेना-देना नहीं रहा। महाबलीपुरम में विष्णु, शिव की मूर्तियां दिख रहीं हैं। महाबलीपुरम के पास एक पहाड़ी है, जिसके ऊपर एक दीपस्तम्भ बना हुआ है। कहा जाता है कि ये दीपस्तम्भ समुद्री यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए बनवाया गया था। यहां पांच रथ और एकाश्म मंदिर हैं। कहा जाता है कि इससे पहले यहां सात मंदिर थे, पांच रथ और एकाश्म मंदिर को इन्हीं सात मंदिरों का अवशेष बताया जाता है। महाबलीपुरम के अंदर महाभारत काल से जुड़े कई प्रसंगों का जिक्र किया गया है। तो फिर वे हमसे अलग कैसे हुए? बिल्कल नहीं। अंग्रेजों ने विभाजन पैदा करने के लिए इस विचार को बल दिया। बाद में राजनीतिक लाभ के लिए द्रविड़ नाम से बनी पार्टियों ने इसका दुरुपयोग किया। तो मोदी द्वारा महाबलीपुरम का चयन बहुपक्षीय था।

# लोकतंत्र या लहू तंत्र



बंगाल
सुशील राजेश

पश्चिम बंगाल में एक बार फिर इंसान की हत्या की गई है। कारण कुछ भी हो, पहचान कुछ भी हो। वैचारिक संबद्धता कुछ भी हो, लेकिन लोकतंत्र में इंसान की हत्या की गई है। इससे जघन्य और बर्बर क्या हो सकता है? एक प्राथमिक स्कूल का शिक्षक, उसकी आठ माह की गर्भवती पत्नी और 8 साल के मासूम बेटे की निर्मम हत्या की गई है। यह मानवीय समाज है या राक्षसों का कोई इलाका। संयोग से गोपाल पाल का जुड़ाव आरएसएस से था। वह संघ की शाखाओं में जाते थे। क्या उनका यही गुनाह था? लोकतंत्र में कानून-व्यवस्था की जगह होती है अथवा जंगलराज की सरकार भी शासन करती है? हम लोकतंत्र में जी रहे हैं या लहू तंत्र का विस्तार होता जा रहा है? बंगाल देश का हिस्सा है। केरल, त्रिपुरा, झारखंड और उप्र भी देश की परिधि में हैं। ऐसा खून-खराबा कहीं भी हो बेहद निंदनीय है। इन जघन्य हरकतों को अलग-अलग दृष्टि और सोच से देखा नहीं जाना चाहिए। अफ़सोस हो रहा है कि एक भी कथित बुद्धिजीवी की आत्मा इस बर्बर हत्या पर नहीं चीखी। क्या मृतक संघी था और आप बुद्धिजीवी संघ से नफरत करते हैं। संघ वाला भी इंसान था, कीमत इंसानी जिंदगी की है। वह भी इसी देश का नागरिक था। ऐसा क्या कर दिया उसने कि उसे सपरिवार ही मार दिया गया? यहां तक कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भी कोई बयान नहीं आया,जबकि बुनियादी और पहली जिम्मेदारी सरकार की है कि वह इंसानी जिंदगी की हिफ़ाजत करे। जनादेश का एक अर्थ यह भी है, सिर्फ सत्ता कब्जाना ही जनादेश के मायने नहीं हैं। बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ऐसे पाशविक हत्याकांड पर दुःख और हैरानी प्रकट की है। वो निजी तौर पर स्तब्ध हैं। उन्होंने हत्याकांड से जुड़ी रपट भी तलब की है। यह टिप्पणी भी की है कि इस हत्याकांड से हालात का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। हम राज्यपाल की इतनी प्रतिक्रिया को ही पर्याप्त नहीं मानते। बंगाल का रक्त-चरित्र ही बदल गया है। इसी साल 2019 में 834 हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं और राजनीतिक हत्याओं का आंकड़ा भी 26 हो चुका है। इंसान की पहचान संघ-भाजपा की हो या तृणमूल, कांग्रेस, वामदलों की, हत्याओं के बूते सियासत करना देश के लिए शर्मनाक कलंक है। लोकतंत्र में सभी पक्षों को अपनी बात कहने, प्रचार करने और विस्तार करने का संवैधानिक अधिकार है। तृणमूल और वामदल भी घर-घर लॉबिंग करते होंगे। बेशक हत्याएं उनके कार्यकर्ताओं की भी की जा रही हैं। क्या इसी को लोकतंत्र कहते हैं?

**बंगाल में विस चुनाव बहुत दूर नहीं हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 40 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर ममता को गंभीर चुनौती दी है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के मायने ये नहीं हैं कि कार्यकर्ताओं की हत्याएं की जाएं। बंगाल लगातार लाल होता जा रहा है।**

बंगाल में हत्याओं को ही राजनीति का हथियार बना लिया गया है। क्या ये सामान्य हालात हैं? याद करें बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को। यह धरती रामकृष्ण परमहंस, विवेकानंद, रवीन्द्रनाथ टैगोर,बंकिम चंद्र और विद्यासागर सरीखे कालजयी समाज सुधारकों और चिंतकों की है। क्या छोटी-छोटी बात पर यहां हत्याएं की जाती रहेंगी? बंगाल में विधानसभा चुनाव बहुत दूर नहीं हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 40 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर ममता को गंभीर चुनौती दी है। वैसी ही चुनौती ममता ने वाममोर्चे को दी होगी, नतीजतन 34 साल पुराना दुर्ग ढहा गया। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के मायने ये नहीं हैं कि कार्यकर्ताओं की हत्याएं की जाएं। बंगाल लगातार लाल होता जा रहा है। अब वक्त आ गया है कि वहां राष्ट्रपति शासन चस्पा किया जाए। राज्यपाल का बयान ही इसका बुनियादी आधार हो सकता है।

# राग दरबार



## मझधार में कांग्रेस

पीएम मोदी के राज में देश बदल रहा है, साथ राजनीति भी करवट लेती नजर आ रही है, खासकर लोकसभा चुनाव में करारी मात खाने के बाद कांग्रेस के घर में ऐसी आग लगी है कि कांग्रेसियों को नेतृत्व परिवर्तन रास नहीं आ रहा है, तभी तो महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव से पहले ही दर्जनों कांग्रसियों ने यह आरोप लगाते हुए पार्टी से किनारा कर लिया कि राहुल गांधी के समर्थकों का दरकिनार किया जा रहा है। हाल ही में कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी द्वारा यूपी कांग्रेस में बड़ा बदलाव करने से खफा ऐसे ही आरोपों से परिपूर्ण पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज बब्बर का दर्द छलक कर बाहर आया। मसलन कांग्रेस पार्टी को लगते झटकों का बहाव इतना तेज है कि पार्टी का अस्तित्व मझधार में जाता नजर आ रहा है। महाराष्ट्र व हरियाणा चुनाव के बीच ही कांग्रेस के प्रमुख स्टार प्रचारक के विदेश जाने के बाद तो भाजपा की टिप्पणियां और तंज सामने आए, भाजपा के नेता कह डाला कि कांग्रेस के घर में जो आग लगी है, वो उनके ही चश्म-ओ-चिराग ने लगाई। सियासी गलियारों में यहां तक चर्चाएं शुरू हो गई कि बेहतर होगा कि पूरी कांग्रेस मिलकर आत्मचिंतन का महायज्ञ कर ले, शायद उसकी नकारात्मक राजनीति सकारात्मक रूप धारण कर ले।

## थरुर का गरुर

लोकसभा अध्यक्ष द्वारा संसदीय समितियों का गठन किया जा रहा है, जिसमें विदेश मामलों की समिति में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, लेकिन समिति में सदस्य के तौर पर रहना शशि थरूर को बर्दाश्त नहीं हुआ, उन्होंने सदस्य बनने से इनकार कर दिया है। दरअसल थरुर इससे पहले विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं, इसलिए उन्हें इस समिति में सदस्य के रूप में रहना पसंद नहीं है। थरुर को विदेश मामलों की समिति का अध्यक्ष न बनाने पर हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने विपक्षी दल के सांसदों को संसदीय समिति का अध्यक्ष बनाने की परंपरा खत्म कर दी है। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ने इसके अलावा शशि थरुर को सूचना एवं प्रौद्योगिकी पर संसद की स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाया हुआ है और इसी समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी का हवाला देते हुए उन्होंने विदेश मामलों की समिति से अपना नाम वापस लेने का अनुरोध किया है। इस विदेश मामलों की स्थायी समिति के सदस्य बनने से इनकार करने पर शशि थरूर के बारे में कुछ सदस्यों ने इस अस्वीकृति को कांग्रेस नेता का गरुर करार देते हुए टिप्पणी करने से भी चूक नहीं की है कि विपक्षी दलों को समिति में शामिल नहीं किया जाता तो विपक्ष सवाल खड़े करते हैं कि विपक्षी दलों को समितियों में उचित स्थान नहीं दिया जा रहा है। जो विपक्षी नेताओं की नकारात्मक सोच और गरुर से कम नहीं!

## बदले केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पीएम मोदी की सरकार को लेकर चुप्पी चर्चाओं में हैं वो पीएम मोदी और भाजपा के खिलाफ नकारात्मक टिप्पणियां करने में ऐसे विपक्षी दलों के साथ शुमार थे। लोकसभा चुनाव के दौरान अप्रैल और मई में अपने ट्वीटर में कम से कम 20 बार नकारात्मक राजनिति का परिचय देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम ले चुके केजरीवाल ने चुनाव परिणाम के बाद अचानक मोदी-विरोधी ट्वीट करना बंद कर दिया है। यही नहीं केजरीवाल ने न सिर्फ मोदी, बल्कि कई बार भाजपा और नई दिल्ली में उसके लोकसभा प्रत्याशियों पर हमले किए। सियासी गलियारों में चर्चा है कि लोकसभा नतीजे देख केजरीवाल ने अपनी रणनीति बदली है ताकि उनकी टिप्पणियां का विधानसभा चुनाव पर नकारात्मक असर न पड़े। अब बदले बदले नजर आ रहे केजरीवाल ने चुप्पी साधने में ही अपना सियासी भला देख लिया है?

## मैडम का गुस्सा

केंद्र सरकार का एक अहम विभाग इन दिनों अपने एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के गुस्से और रौबदार व्यवहार को लेकर खासा चर्चाओं में है। इसमें भी सबसे ज्यादा कनिष्ठ अधिकारी खौफजदा हैं। क्योंकि रोजाना इनके दिन की शुरुआत मैडम के कक्ष में प्रवेश के बाद किसी न किसी विषय को लेकर उनके द्वारा लगाई जाने वाली तीखी डांट के साथ होती है। इनकी मजबूरी ऐसी कि कुछ जवाब देते भी नहीं बनता। आलम यह है कि जैसे ही मैडम जूनियरों को मुलाकात के लिए बुलाती हैं तो सबसे पहले वह अंदर से थोड़ा सहम से जाते हैं कि न जाने किस बात को लेकर बॉस का गुस्सा भड़क जाए और वह आग बबूला हो जाएं। कहने वाले तो यह भी कहते हैं कि वरिष्ठ अधिकारी का यह गुस्सा केवल काम को समय पर पूरा करने के लिए कनिष्ठ अधिकारियों में अनुशासन को एक नियम के रूप में स्थापित करने को लेकर है। इसके अलावा इसमें कुछ भी गंभीर नहीं है। लेकिन गुस्सा तो गुस्सा है जो दिनों दिन कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है।

-हरिभूमि ब्यूरो

## खबर संक्षेप



### सरकार बदले की भावना से काम कर रही है: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के कुछ कर्मचारियों के परिसरों पर आयकर विभाग की छापेमारी को लेकर पार्टी की युवा इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आवास के निकट प्रदर्शन किया। भारतीय युवा कांग्रेस के नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार बदले की भावना से काम कर रही है और पार्टी के नेताओं के साथ अब कर्मचारियों को भी निशाना बना रही है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि भाजपा को इतने नीचे नहीं गिरना चाहिए। अब वे कांग्रेस के कर्मचारियों को निशाना बना रही है। सरकार की इस तरह की कार्रवाई देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। संगठन के प्रवक्ता अमरीश रंजन पांडे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रतिशोध की राजनीति कर रही है और सरकारी एजेंसियों का खुला दुरुपयोग कर रही है। पांडे के मुताबिक पुलिस ने श्रीनिवास सहित पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में ले लिया और मन्दिर मार्ग थाने ले गयी। बाद में इन्हें छोड़ दिया गया।

### गुजरात में ट्रक और कार की भिड़ंत में चार की मौत



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद जिले के तगाड़ी गाँव के पास शनिवार तड़के एक खड़े ट्रक में कार के टकराने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। धंधुका पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि यह कार सूरत से सारंगपुर जा रही थी, जो कि बोटाद जिले का एक तीर्थ स्थल है। कार ने आज तड़के धंधुका-बरवाला रोड पर एक ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### राष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान विवि का किया दौरा

**बेंगलुरु।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को बेंगलुरु के पास जिगनी स्थित स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान विश्वविद्यालय का दौरा किया। एच आर नागेंद्र द्वारा स्थापित मानद् विश्वविद्यालय का लक्ष्य योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा आरोग्य को बढ़ावा देना है। विश्वविद्यालय इन विषयों में पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। राष्ट्रपति 10 अक्टूबर से तीन दिनों की यात्रा पर कर्नाटक में हैं। राज भवन में मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने उप मुख्यमंत्री गोविन्द करजोल और सी एन अश्वत्थ नारायण और मुख्य सचिव टी एम विजय भास्कर के साथ राष्ट्रपति से मुलाकात की। बीते दो दिनों में राष्ट्रपति ने मैसूर और उसके समीप वरुणा में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। शुक्रवार को राष्ट्रपति कोविंद ने मैसूर में जे एस एस उच्च शिक्षा और शोध अकादमी का शिलान्यास किया।

### फिल्मों का झांसा देकर वेश्यावृत्ति कराने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस ने एक व्यक्ति को दो महिला मॉडलों को फिल्मों में काम दिलाने का झांसा देकर वेश्यावृत्ति की तरफ धकेलने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि आरोपी खुद को निर्देशक बताकर फिल्मों में काम दिलवाने का झांसा देता था। आरोपी सहवान अली उर्फ मन्नू चनई कविराज (45) को गोरेगांव स्थित आरे कॉलोनी के एक आलीशान होटल में छापा मारकर शुक्रवार की रात को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी के अनुसार अपराध शाखा की सामाजिक कार्य इकाई द्वारा यह गिरफ्तारी की गयी।

---

केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा

# देश में मंदी नहीं, 1 दिन में 3 फिल्मों ने कमाए 120 करोड़ रुपये

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने अर्थव्यवस्था में मंदी को पूरी तरह खारिज किया है और अपनी बात को साबित करने के लिए उन्होंने फिल्मों की कमाई का सहारा लिया है। रविशंकर प्रसाद कहा है कि 2 अक्टूबर को रिलीज हुई तीन फिल्मों ने 120 करोड़ रुपये की कमाई की है। अर्थव्यवस्था दुरुस्त है तभी फिल्मों ने इतनी कमाई की है। इसके अलावा उन्होंने बेरोजगारी पर एनएसएसओ की रिपोर्ट को भी गलत बताया है। सभी कॉमेंट्स देखेंअपना कॉमेंट लिखेंमोदी सरकार में कानून मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने वाले रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फेंस में बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था में सुस्ती को पूरी तरह खारिज किया। उन्होंने अर्थव्यवस्था में सुस्ती से इनकार करते हुए कहा, 'मेरा फिल्मों से लगाव है। फिल्में बड़ा कारोबार कर रही हैं। 2 अक्टूबर को 3 फिल्में रिलीज हुई हैं। फिल्म उद्योग के विशेषज्ञ ने कहा है कि नैशनल हॉलीडे के दिन 3 फिल्मों ने 120 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।



### आर्थिक सुस्ती के लिए राजन ने नोटबंदी-जीएसटी को बताया जिम्मेदार

रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मोदी सरकार की नीतियों पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने इशारों में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को एक आदमी अपनी मर्जी से नहीं चला सकता है. उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बहुत बड़ी हो गई है, इसे एक आदमी नहीं चला सकता है। हम लोग इसका उदाहरण देक चुके हैं।

### बेरोजगारी पर रिपोर्ट गलत

बेरोजगारी पर एनएसएसओ की उस रिपोर्ट को भी केंद्रीय मंत्री ने खारिज किया जिसमें कहा गया है कि बेरोजगारी की दर 45 सालों में सर्वाधिक है। मंत्री ने कहा कि वह रिपोर्ट गलत है। मैंने आपको 10 प्रासंगिक डेटा दिया है, जो रिपोर्ट में नहीं है। हमने कभी नहीं कहा कि हम सबको सरकारी नौकरी देंगे। कुछ लोग भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं।

---

क्या बिग बॉस-13 पर लगेगा बैन?

## जावड़ेकर ने कहा-मैंने प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों से इस पर रिपोर्ट मांगी है

**नई दिल्ली।** क्या सलमान खान का मोस्ट कंट्रोवर्शियल शो 'बिग बॉस 13 पर बैन लगने वाला है। बिग बॉस-13 पर जारी संकट के बीच शनिवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बड़ा बयान दिया है। पत्रकारों ने केंद्रीय मंत्री से पूछा था कि क्या बिग बॉस पर बैन लगाए जाने का कोई आदेश जारी हुआ है? दरअसल, हाल ही में खबर आई थी कि 'बिग बॉस' विवाद पर सूचना प्रसारण मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर से रिपोर्ट मांगी है। क्योंकि 'बिग बॉस' के कंटेंट को अश्लील बताते हुए आज यूपी के विधायक समेत कई संगठनों ने विरोध किया है। जावड़ेकर बोले कि मैंने प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों से इस पर रिपोर्ट मांगी है कि बिग बॉस में क्या दिखाया जा रहा है। इस सप्ताह रिपोर्ट मिल जाएगी।



### इसलिए हो रहा शो का विरोध

इस विरोध की वजह है इस बार शो का नया सेटअप है जिसके चलते सलमान खान ने घर में एंट्री करने से पहले ही कंटेस्टेंट्स को यह बता दिया था कि उनका बैड फ्रेंड फॉरएवर कौन होगा। बैड फ्रेंड फॉरएवर वाले नियम के कारण इस बार एक बेड पर दो लोग साथ में सो रहे हैं। अब यहां इस शुरुआत से ही लड़का और लड़की साथ में बेड शेयर कर रहे हैं। लोगों को इस बात से खासा ऐतराज है।

### ग्रामीणों ने मेट्रो के लिए उनकी जमीन का अधिग्रहण करने के एमएमआरडीए के कदम का विरोध किया

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो लाइन पांच की परियोजना में अड़चन पैदा हो सकती है क्योंकि कल्याण-भिवंडी मार्ग के पास गोवगांव के 100 से अधिक परिवारों ने अपनी जमीन पर एक मेट्रो कोच शेड बनाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा कि मेट्रो कोच शेड के लिए अपनी जमीन को खोना नहीं चाहते क्योंकि यह उनकी आजीविका का एकमात्र स्त्रोत है। कोन-गोव संघर्ष समिति के सचिव पंढरीनाथ भोईर ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) गोवगांव में मेट्रो कोच शेड के लिए हमारी करीब 36 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करना चाहती है।

### 22 आवासीय समितियों ने मतदान के बहिष्कार का फैसला किया

**मुंबई।** मुंबई के उपनगर चेम्बूर में 22 आवासीय समितियों के निवासियों की शिकायत है कि एक भवन निर्माता वर्षों से उनके भवनों के पुनर्विकास का काम पूरा नहीं कर रहा है, जिसे लेकर उन्होंने 21 अक्टूबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया है। 'सुभाष नगर को-ऑपरेटिव हाउसिंग यूनियन' ने हाल ही में हुई अपनी आम बैठक में फैसला किया कि इन सोसाइटियों के 465 परिवार मतदान नहीं करेंगे। यूनियन के सचिव अश्विनी कुमार मिश्रा ने शनिवार को कहा कि ऐसे पुनर्विकास कार्यों की निगरानी करने वाले महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) और राज्य सरकार से कई बार अपील की गई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भवन निर्माता 2003 में 35 साल पुराने इन भवनों के पुनर्विकास को राजी हुए थे और उसी के अनुसार छह भवनों का पुनर्विकास हुआ। उन्होंने कहा लेकिन 2008 में निर्माण कंपनी के प्रमुख की मौत के बाद इस काम में कम प्रगति हुई है। मिश्रा ने कहा कि भवन निर्माता शुरुआत में पुनर्विकास का काम पूरा होने तक किराये पर रहने के लिये भुगतान किया करता था।

---

कर्नाटक विस में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने कहा

## सदन की कार्यवाही की कवरेज से मीडिया को रोकने का फैसला लोकतंत्र के लिए घातक

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने सदन की कार्यवाही की कवरेज से प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कैमरामैन को रोकने के विधानसभाध्यक्ष विश्वेश्वरैया हेगड़े कागेरी के निर्णय पर आपत्ति प्रकट करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के लिए घातक है । पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि सदन के भीतर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कैमरे की मौजूदगी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुद्दे पर विधानसभाध्यक्ष से चर्चा कर समाधान निकालने का अनुरोध किया। सिद्धरमैया ने कहा कि आपने विधानसभाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कैमरे पर रोक लगा दी है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सुगमता से आम जन तक पहुंचने का माध्यम है।



### यह ऐसा माध्यम है, जिससे लोग अवगत होते हैं

सिद्धरमैया ने कहा कि यह ऐसा माध्यम है, जिससे लोग अवगत होते हैं कि सदन के भीतर क्या चल रहा है । उन्होंने कहा कि सदन को किस तरह चलाया जाए यह अध्यक्ष का विशेषाधिकार है लेकिन विधायिका की तरह मीडिया भी लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सिद्धरमैया ने कहा,''पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मुझे लगता है कि वहां पर कैमरे होने चाहिए । मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर विधानसभाध्यक्ष से बात कर समाधान निकालना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि मीडिया के कामकाज पर किसी भी तरह की 'बंदिश' लोकतंत्र के लिए घातक है।

---

एन चंद्रबाबू नायडू बोले

# मनोरोगी की तरह बर्ताव कर रहे जगनमोहन रेड्डी

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने वर्तमान सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि वर्तमान सरकार में उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि बीते दिन उनकी पार्टी के कुछ नेताओं की गिरफ्तारी की गई थी। इसमें टीडीपी के नेता कल्लू रविंद्रभी शामिल हैं। दरअसल, वह मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान उनकी गिरफ्तारी हुई। एन चंद्रबाबू नायडू यही नहीं रुके। उन्होंने मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी को धमकी देते हुए कहा कि मैं अच्छे लोगों के लिए अच्छा हूं, लेकिन आंध्र प्रदेश के सीएम जगनमोहन रेड्डी मनोरोगी के तरह बर्ताव कर रहे हैं।



### क्या है मामला

दरअसल, टीडीपी नेताओं का मानना है कि कि राज्य में रेत की कमी से निपटने में मौजूदा सरकार विफल हो रही है। इसलिए वह इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान टीडीपी नेताओं की गिरफ्तारी हुई थी।

### मौजूदा सरकार पर लगाया आरोप

अपने नेताओं की गिरफ्तारी के बाद एन चंद्रबाबू का यह बयान आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वाइ एस आर कांग्रेस पार्टी जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही हैं और पार्टी के नेताओं के खिलाफ अवैध मामले दर्ज कर रही है।

---

## भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अपने कार्यकर्ताओं की हत्या के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा ने राज्य में हाल ही में की गईं अपने कार्यकर्ताओं की कथित हत्याओं के खिलाफ शनिवार को यहां धरना दिया। भगवा पार्टी ने दावा किया बीते एक सप्ताह के भीतर बंगाल में उसके आठ कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। इनमें मुर्शिदाबाद के एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या शामिल नहीं है। मुर्शिदाबाद के जियागंज में स्कूली शिक्षक बंधु प्रकाश पाल, उनकी पत्नी और नाबालिग बेटी की उनके घर में हत्या कर दी गई। दावा किया गया है कि वह भाजपा-आरएसएस के समर्थक थे। पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा कि इन तीनों की हत्या निजी रंजिश की वजह से की गई और राजनीति से इसका कोई संबंध नहीं है। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने पत्रकारों से कहा, ₹बंगाल में हर दिन भाजपा के एक न एक कार्यकर्ता की हत्या की जा रही है। तृणमूल कांग्रेस सरकार जनता से संपर्क पूरी तरह खो चुकी है और अब आंतकी हथकंडों का इस्तेमाल कर शासन करने की कोशिश कर रही है। लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। हम इस सरकार को उखाड़ फेंकने तक लड़ाई लड़ेंगे।₹ पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पश्चिम बंगाल की ₹पूरी तरह से ठप्प₹ कानून व्यवस्था से अवगत कराने के लिये उनसे समय मांगा है।



---

## कलाकारी...



कोलकाता में शनिवार को देवी लक्ष्मी की मिट्टी की मूर्तियां बनाता कलाकार।

---

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा

## संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह शासन देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य के चहुंमुखी विकास के साथ संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह शासन देना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गहलोत ने शनिवार को सीकर नगरपरिषद के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने बिना बजट प्रावधान के ही कई घोषणाएं कर दी थीं, जो धरातल पर नहीं उतर सकीं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के पूर्व कार्यकाल में सीकर में मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई थी, लेकिन पिछली भाजपा सरकार इस कॉलेज को चूरू ले गई। अब हमारी सरकार ने फिर सीकर में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करवाया है और इसका शिलान्यास शीघ्र करवाया जाएगा। गहलोत ने कहा कि नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे महान नेताओं के कारण आज भी भारत में लोकतंत्र जिंदा है, यूपीए सरकार के समय देश में अधिकार आधारित युग की शुरूआत हुई- जनता को शिक्षा का, सूचना का, खाद्य सुरक्षा का और मनरेगा के रूप में रोजगार का अधिकार मिला। इस अवसर पर गहलोत ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण किया और नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का शुभारंभ किया।



### जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे एसीडीएम परियोजना शुरू

मुम्बई, चेन्नई और कोलकाता के बाद जयपुर हवाई अड्डे पर भी कोलाबोरेटिव डिसीजन मेकिंग (एसीडीएम) परियोजना का शुभारंभ शनिवार को हो गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य (एएनएस) विनीत गुलाटी ने जयपुर हवाई अड्डे पर एयरपोर्ट कोलाबोरेटिव डिसीजन मेकिंग (एसीडीएम) प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया जयपुर हवाई अड्डा :विमानपत्तन: के निदेशक जे एस बलहारा ने एक बयान में बताया कि स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में जयपुर हवाई अड्डे पर शुरू की गई यह परियोजना मील का एक पत्थर साबित होगी।

### ओडिशा में सरकारी धन के गबन के आरोप में सरपंच गिरफ्तार

**क्योंझर।** ओडिशा के क्योंझर जिले में एक सरपंच को विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए आवंटित सरकारी निधि से लगभग 22 लाख रुपए के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिपिलिया ग्राम पंचायत के सरपंच उपेंद्र नायक को शुक्रवार को घाटगांव प्रखंड के अधिकारियों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। इस मामले में एक पूर्व पंचायत कार्यकारी अधिकारी पर भी आरोप हैं जो फिलहाल फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के अधिकारियों ने इस कथित गबन को लेकर पूछताछ की है। पिछले वित्तीय वर्ष में जिले की पिपिलिया पंचायत में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए लगभग 22 लाख रुपए आवंटित किये गए थे।

---

हर दिन होती है 3 करोड़ 60 लाख टिकटों की बुकिंग

# रेलवे बोर्ड रिजर्वेशन काउंटरों को जल्दी ही आईआरसीटीसी को सौंपने की तैयारी में

**नइ दिल्ली।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) अगले एक साल के भीतर रेलवे के 13 हजार से अधिक आरक्षण काउंटर (रिजर्वेशन काउंटर्स) का अधिग्रहण करेगा। रेलवे बोर्ड द्वारा इस योजना को लेकर कार्य किया जा रहा है। आईआरसीटीसी के अफसर भी बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद रिजर्वेशन काउंटरों के संचालन के मसौदे पर काम कर रहे हैं। रेलवे द्वारा इसे न्यूएज टिकटिंग सिस्टम नाम दिया है। रेलवे में वर्तमान समय में प्रतिदिन 3.60 करोड़ से अधिक टिकटों की बुकिंग की जाती है। इनमें से 2.44 करोड़ से अधिक टिकट आईआरसीटीसी से की जाती है।



### 2017 में रेलवे बोर्ड ने प्लान किया था तैयार

वर्ष 2017 में रेलवे बोर्ड ने प्लान तैयार किया था कि काउंटरों से रिजर्वेशन को पूरी तरह बंद कर दिया जाए और बुकिंग की पूरी व्यवस्था आईआरसीटीसी के हवाले कर दी जाए, लेकिन उस समय तकनीकी परेशानियों के चलते इस योजना पर अमल नहीं हो पाया था। जुलाई महीने से बोर्ड ने दोबारा आईआरसीटीसी को रिजर्वेशन काउंटर सौंपने की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर बोर्ड के अफसरों द्वारा ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है।

### रेलवे ने बढ़ाई स्पेशल ट्रेनों की संख्या

त्योहारों के सीजन में सभी अहम रूटों पर ट्रेनों में टिकटों को लेकर मारामारी है। ट्रेनों में प्रतीक्षासूची बेहद लंबी हो चुकी है। ऐसे में यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे ने कई विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। उत्तर रेलवे ने मुंबई, जम्मू, गुजरात और बिहार के लिए 20 और स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। मुंबई सेंट्रल से नई दिल्ली के लिए सुविधा ट्रेन (गाड़ी नंबर-82905) 20 अक्टूबर से 19 नवंबर तक सप्ताह में 3 दिन शुक्रवार, रविवार और मंगलवार को दौड़ेगी। नई दिल्ली से मुंबई सेंट्रल के लिए सुविधा ट्रेन (गाड़ी नंबर-09006) शनिवार, सोमवार और बुधवार को चलेगी। दोनों महानगरों के लिए 09005 और 09006 नंबर से भी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी, इसका किराया विशेष होगा। मुंबई और जम्मू तवी के बीच (गाड़ी नंबर 09021/09022) साप्ताहिक ट्रेन चलेगी। बांद्रा से यह ट्रेन सोमवार को चलेगी और जम्मू तवी से बुधवार को। यह ट्रेन नई दिल्ली होते हुए जाएगी। उधना से छपरा तक साप्ताहिक (सुविधा) ट्रेन की घोषणा की गई है। 82911 नंबर से ट्रेन उधना से 20 अक्टूबर से 19 नवंबर तक हर रविवार को चलेगी, जबकि 82912 नंबर से हर मंगलवार को चलेगी। अहमदाबाद से दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच (गाड़ी नंबर-82941) ट्रेन 25 अक्टूबर से 19 नवंबर तक हर शुक्रवार को दौड़ेगी, जबकि 09414 नंबर से दिल्ली सराय रोहिल्ला से अहमदाबाद के लिए हर शनिवार सफर की शुरुआत करेगी।

---

फडणवीस ने पीएमसी खाताधारकों से कहा

## मुद्दा प्रधानमंत्री के समक्ष उठाऊंगा

एजेंसी ⏭ ठाणे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पंजाब एवं महाराष्ट्र सहकारी (पीएमसी) बैंक के खाताधारकों से कहा कि वह 13 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। पंजाब एंड महाराष्ट्र सहकारी बैंक (पीएमसी) में 4,500 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से लोगों के निकासी पर कुछ पाबंदियां लगा दी हैं। इसके चलते बैंक के ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठाणे से चुनाव लड़ रहे मौजूदा विधायक एवं भाजपा उम्मीदवार संजय केलकर की चुनावी रैली में शामिल लोगों को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यह बयान दिया। प्रभावित खाताधारकों ने फडणवीस के सामने अपना दुख जाहिर किया।



### मैं कोई आश्वासन नहीं दे सकता

मुख्यमंत्री ने उनकी बात तो ध्यान से सुनी लेकिन कहा कि वह कोई आश्वासन नहीं दे सकते क्योंकि आदर्श आचार संहिता लागू है। फडणवीस ने कहा कि वह 13 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले हैं और पीएमसी बैंक मामले से उन्हें अवगत कराने की उन्होंने तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा, की 21 अक्टूबर को चुनाव के बाद, हम मामले पर गौर करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी कीमत पर बैंक मुक्त हो सके। उसका अन्य कॉपरेटिव बैंक वाला हाल नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### लक्ष्य डच ओपन के सेमीफाइनल में

**अलमेरे।** भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने हमवतन बी एम राहुल भारद्वाज को हराकर डच ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अलमोड़ा के 18 वर्षीय सेन ने पिछले महीने बेल्जियम ओपन जीता था। उन्होंने भारद्वाज को 37 मिनट में 21-9, 21-16 से हराया। एशियाई जूनियर चैंपियन, युवा ओलंपिक खेलों के रजत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य का सामना अब स्वीडन के फेलिक्स बुरेस्टेट से होगा।

### निश्चित रूप से छेत्री खतरनाक खिलाड़ी



**कोलकाता।** बांग्लादेश के सहायक कोच स्टुअर्ट वाटकिस ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ होने वाले विश्व कप क्वालीफायर मैच में उसका करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री उनके खिलाड़ियों के लिए खतरनाक होगा। दोहा में एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ भारत के गोलरहित ड्रा में छेत्री को बुखार के कारण बाहर बैठना पड़ा था लेकिन वह यहां ग्रुप ई के इस मैच में खेलने को तैयार हैं। वाटकिस ने मंगलवार को यहां होने वाले मुकाबले से पहले कहा, 'निश्चित रूप से, सुनील सबसे ज्यादा खतरनाक खिलाड़ी है जो उसके गोल की संख्या से भी पता चलता है। वह बेहतरीन खिलाड़ी है, जिसका गोल करने का भी शानदार रिकार्ड है।' छेत्री ने गुवाहाटी में पिछले महीने ओमान से मिली 1-3 की हार वाले मुकाबले में अपना 72वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा था।

मैरीकॉम विश्व चैंपियनशिप में आठ पदक के साथ सबसे सफल मुक्केबाज

# मंजू फाइनल में, मैरीकॉम ने हारकर भी बनाया वर्ल्ड रिकार्ड, जमुना को भी कांस्य पदक से करना पड़ा संतोष

एजेंसी ▶▶| उलान उदे

पहली बार खेल रही मंजू रानी (48 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन के बूते फाइनल में प्रवेश किया लेकिन छह बार की चैंपियन एम सी मैरीकॉम (51 किलो) को शनिवार को यहां विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

यह उनका आठवां पदक था। इस तरह वह महिला और पुरुष वर्ग में चैंपियनशिप की सबसे सफल मुक्केबाज बन गई। छठी वरीयता प्राप्त मंजू रानी ने सेमीफाइनल में थाईलैंड की चुटहामत रखसत को 4-1 से शिकस्त दी। अब उनका सामना रविवार को फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त रूस की एकेटरीना पाल्टसेवा से होगा। मैरीकॉम के अलावा पदार्पण कर रही एक अन्य मुक्केबाज जमुना बोरो (54 किग्रा) को सेमीफाइनल में हारने से कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

तीसरी वरीयता प्राप्त मैरीकॉम को यूरोपीय चैंपियनशिप और यूरोपीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता तुर्की की बुसेनाज काकिरोग्लू से 1-4 से पराजय झेलनी पड़ी। जमुना बोरो को शीर्ष वरीय और एशियाई खेलों की कांस्य पदकधारी चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ वेन से 0-5 से हार मिली। भारतीय दल ने मैरीकॉम के फैसले का रिव्यू मांगा लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की तकनीकी समिति ने उनकी अपील खारिज कर दी।

### पीएम मोदी और खेलमंत्री को किया ट्वीट

*मैरीकॉम ने हार के बाद पीएम मोदी और खेल मंत्री रिजीजू को ट्वीट किया, 'क्यों और कैसे। दुनिया को यह बताएं कि यह फैसला कितना सही था या कितना गलत।' पहले दौर में मेरीकोम ने अच्छे जवाबी हमले किए और काकिरोग्लू अपने कद का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दौर में हालांकि उसने शानदार वापसी की। आखिरी तीन मिनट में तुर्की की मुक्केबाज ने दबाव बना लिया।*

### खास बातें

- छह बार की चैंपियन के खिलाफ विवादित फैसला, भारतीय दल की अपील खारज
- मैरीकॉम को तुर्की की काकिरोग्लू से 1-4 की हार से मिला कांस्य पदक
- मंजू रानी ने सेमीफाइनल में थाईलैंड की रखसत को 4-1 से दी शिकस्त

### मैं हार स्वीकार नहीं कर पा रही हूं, मैं सोच भी नहीं पा रही कि मेरे साथ ऐसा होगा



*मैरीकॉम ने हार के बाद कहा, 'मैं निश्चित रूप से जजों के फैसले से खुश नहीं हूं। यह हार मैं स्वीकार नहीं कर पा रही हूं। मैं यह सोच ही नहीं पा रही कि मेरे साथ ऐसा होगा। मैं बहुत हैरान हूं। मुझे लगता है कि मैंने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। अब यह परफेक्ट हो गया है, हां यह अनमोल ही है। मुझे लगता है कि मैंने 51 किग्रा में इस विश्व चैंपियनशिप में सही सतुंलन हासिल किया। मैं जानती थी कि मुझे कितना प्रयास करने की जरूरत थी, रणनीति और योजनाएं भी काफी सही रहीं। ओलंपिक की योजनाओं के संबंध में इससे चीजें मेरे लिए आसां हो गई हैं। मैं जिन मुक्केबाजों से यहां भिड़ी हूं, उनसे कभी भी नहीं भिड़ी थी। और मुझे लगता है कि उन्हें हराना इतना मुश्किल भी नहीं था।'*

### जीते सबसे ज्यादा 8 पदक

इस हार के बावजूद मेरीकोम ने महिला विश्व चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा पदक जीतने का वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम किया। यह विश्व चैंपियनशिप का उनका आठवां और 51 किलोवर्ग में पहला पदक है। भारत के सहायक कोच और मेरीकोम के ट्रेनर छोटेलाल यादव ने कहा, 'मैरी ने बेहतरीन खेल दिखाया और उसे जीतना चाहिए था। हम इस फैसले से स्तब्ध हैं।'



### रानी ने अपने से मजबूत रखसत को चटाई धूल

हरियाणा की मंजू रानी इस साल ही राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुई हैं। उन्होंने कद काठी में अपने से ज्यादा मजबूत रखसत के सामने शानदार प्रदर्शन किया। पहले दो दौर में उन्होंने जवाबी हमले करना ही ठीक समझा। हालांकि स्ट्रांद्जा मेमोरियल की रजत पदकधारी मुक्केबाज अंतिम तीन मिनट में आक्रामक हो गई। इस तरह मंजू रानी ने अपने सीधे और तेज तर्रार मुक्कों से थाईलैंड की मुक्केबाज को काफी परेशान किया और जीत के लिए अंक जुटाए।

## राष्ट्रीय शिविर के लिए 22 खिलाड़ियों का चयन

**नई दिल्ली।** हाकी इंडिया ने एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर से पहले 14 अक्टूबर से भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम पर लगने वाले सीनियर महिला टीम के राष्ट्रीय शिविर के लिए 22 खिलाड़ियों को चुना है। इस शिविर में एक और दो नवंबर को अमेरिका के खिलाफ होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी पर जोर रहेगा।



खिलाड़ियों की सूची : सविता, रजनी ई, दीप ग्रेस इक्का, रीना खोखार, सलीमा टेटे, गुरजीत कौर, उदिता, निक्की प्रधान, निशा, सुशीला चानू, मोनिका, लिलिमा मिंज, नेहा गोयल, नमिता टोप्पो, सोनिका, रानी, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी, नवजोत कौर, शर्मिला देवी, ज्योति, वंदना कटारिया।

## किपचोगे ने 2 घंटे से कम समय में पूरी की मैराथन



**वियना।** केन्या के दिग्गज धावक इलियुड किपचोगे ने शनिवार को इतिहास रच दिया और वह दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले दुनिया के पहले धावक बन गए हैं। 34 साल के किपचोगे ने यहां एक घंटे 59 मिनट और 40 सेकंड में मैराथन दौड़ को पूरा किया। यह हालांकि आधिकारिक मैराथन रिकॉर्ड नहीं है क्योंकि यह ओपन कंपटीशन नहीं था और किपचोगे ने रोटेटिंग पेसमेकर्स का उपयोग किया था। केन्याई धावक की मदद के लिए 42 पेसमेकर्स शामिल किए गए थे। इनमें 1500 मीटर ओलिंपिक चैंपियन मैथ्यू सेंट्रोविट्ज, ओलिंपिक 5000 मीटर रजत पदक विजेता पॉल चेलिमो और इंगेरबिजट्सेन भाई-जैकब, फिलिप और हेनरिक शामिल हैं। पूरे कोर्स के दौरान किपचोगे के कोचों ने बाइक की मदद से उन्हें जेल और पानी मुहैया कराया। आमतौर पर मैराथन प्रतियोगिता के दौरान धावक को खुद ही टेबल पर से रिफ्रेशमेंट लेना होता है। एक समय ऐसा आया जब लगा कि किपचोगे रिकॉर्ड बना लेंगे तो पेसमेकर्स हटा लिए गए और फिर किपचोगे ने अकेले ही लाइन पर दौड़ लगाई।

### अश्विन ने चार जबकि उमेश ने झटके तीन विकेट

# द.अफ्रीका 275 पर आलआउट भारत को 326 रन की बढ़त

एजेंसी ▶▶| पुणे

पुछल्ले बल्लेबाजों केशव महाराज और वेर्नोन फिलैंडर ने जबर्दस्त जुझारूपन का प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारत को 326 रन की विशाल बढ़त लेने से नहीं रोक सके। द. अफ्रीका की टीम 105.4 ओवर में 275 रन पर आउट हो गई जबकि भारत ने पहली पारी में पांच विकेट पर 601 रन (घोषित) बनाए थे।

- भारत ने पहली पारी में पांच विकेट पर बनाए थे 601 रन (घोषित)

फिलैंडर और चोटिल महाराज ने नौवें विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की। फिलैंडर 44 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि महाराज ने 72 रन बनाए। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने 69 रन देकर चार विकेट लिए जबकि उमेश यादव को तीन विकेट मिला। महाराज ने अपनी पारी में 12 चौके लगाए लेकिन वह कंधे पर लगी चोट के कारण कराहते दिखे।



### सुरक्षाघेरा तोड़कर मैदान में घुसा फैन, छुए रोहित शर्मा के पैर



भारत और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीमों के बीच पुणे में जारी दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को सुरक्षा में सेंध लगाते हुए एक प्रशंसक मैदान में घुस गया। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम की सुरक्षा में सेंध लगाने के बाद दर्शक सीधे रोहित शर्मा के पास पहुंचा, जो उस समय स्लिप में फील्डिंग कर रहे थे और उनके पैर छू लिए। यह घटना उस समय की है, जब सेनुरान मुथुसामी के आउट होने के बाद वर्नोन फिलैंडर ने मैदान का रुख किया था। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जारी इस सीरीज के दौरान यह इस तरह की तीसरी घटना है। विशाखापट्टनम में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान एक फैन मैदान में घुस गया था और कप्तान विराट कोहली से हाथ मिलाया था।

## स्टिमक ने की भारतीय फुटबाल टीम की घोषणा

**गुवाहाटी।** मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को कोलकाता में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबाल क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय भारतीय फुटबाल टीम का ऐलान किया। डिफेंडर संदेश झिंगन और अनवर अली जूनियर चोट के कारण नहीं खेल सकेंगे जबकि हालीचरण नरजारी, फारूख चौधरी और निशु कुमार को बाहर रखा गया है। झिंगन को बुधवार को नार्थ ईस्ट युनाइटेड के खिलाफ दोस्ताना मैच के दौरान चोट लगी थी। उन्हें आपरेशन कराना होगा और वह छह महीने के लिए बाहर भी हो सकते हैं।

**टीम :** गोलकीपर : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, कमलजीत सिंह। डिफेंडर : प्रीतम कोताल, राहुल भेके, आदिल खान, नरेंदर, सार्थक गोलुइ, अनस ई, मंदार राव देसाई, सुभाशीष बोस। मिडफील्डर : उदांता सिंह, निखिल पुजारी, विनित राय, अनिरूद्ध थापा, अब्दुल सहल, रेनियेर फर्नांडिस, ब्रेंडन फर्नांडिस, लालियांजुआला छांगटे, आशिक कुरूनियन। फारवर्ड : सुनील छेत्री, बलवंत सिंह, मनवीर सिंह।



# सैमसन ने 125 गेंदों में ठोका सबसे तेज दोहरा शतक, रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने विजय हजारे ट्रॉफी में तूफानी दोहरा शतक ठोका है। भारत में इस समय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ के सौजन्य में घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी का आयोजन हो रहा है। इसी ट्रॉफी में केरल के मिडिल ऑर्डर बैट्समैन संजू सैमसन ने टूर्नामेंट का पहला दोहरा शतक ठोका है। अलूर में केरल के लिए खेलते हुए 24 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने गोवा के खिलाफ महज 125 गेंदों में दर्जनों चौके-छक्के लगाकर तूफानी दोहरा शतक ठोका है। इससे पहले किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में इतनी तेज दोहरा शतक नहीं ठोका है।

### संजू की आतिशी पारी

दाएं हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन ने 129 गेंदों में 21 चौके और 10 छक्के लगाकर 212 रन की पारी खेली। इस दौरान संजू सैमसन का स्ट्राइकरेट 164.34 का रहा, जो किसी भी भारतीय का दोहरे शतक के लिए सबसे ज्यादा है। संजू सैमसन के फर्स्ट क्लास करियर की पहली सेंचुरी थी, जिसे उन्होंने दोहरे शतक में तब्दील किया।

### सैमसन ने बनाए ये रिकॉर्ड

- एक विकेट कीपर द्वारा उच्चतम स्कोर (209 * आबिद अली द्वारा)
- विजय हजारे (202 रन केवी कौशल) में उच्चतम स्कोर
- एक भारतीय द्वारा सबसे तेज लिस्ट ए में 200 रन (125 गेंद)
- नंबर 3 की पोजिशन पर लिस्ट ए 200 रन बनाने में प्रथम भारतीय
- लिस्ट ए में पहला दोहरा शतक


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**










**ज्योतिष**







**ज्योतिष**










**चिकित्सा**




**टॉवर**

☛ जिन्दल टॉवर Regd. कम्पनी अपनी जमीन, छत, प्लॉट पर सभी कम्पनियों के 4G डिजिटल टॉवर लगवाएं एडवांस 90,00,000/- किराया 45,000/- नौकरी + बाईक #94589-68937, 73812-55648

**लोन**

☛ !!!Diwali धमाका ऑफर !!! श्रीराम फाइनेंस कम्पनी (REGISTERED) 1972 द्वारा मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, लोन घर बैठे पाएं (वार्षिक ब्याज 2%) (सब्सिडी 50% छूट) (online बैंकिंग का लाभ उठाएं) Helpline : 9450751658, 9450794279

☛ दिवाली धमाका ऑफर jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No. 6397688983

☛ GTL टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G टॉवर लगवायें। आइडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टॉवर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 90 लाख एडवांस 90 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगों को नौकरी। सम्पर्क करें 7668916707 धोखेबाजों से सावधान।

**ज्योतिष**




**आवश्यकता**

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

# इक्विटी में निवेश का सही वक्त

शंभू भद्रा ▸▸| रोहतक

गत माह सितंबर में बीएसई सेंसेक्स 3.6 फीसदी चढ़ा है। बीएसई मिडकैप में 4.8 फीसदी और बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 5.3 फीसदी की तेजी आई। इससे संकेत मिलता है कि इक्विटी बाजार में जोखिम लेने पर ज्यादा रिटर्न की वापसी का दौर वापस आ गया है। 2019 के शुरुआती नौ महीनों में बीएसई सेंसेक्स 8.3 फीसदी बढ़ा है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स इसी अवधि में क्रमशः 7.8 फीसदी और 9.6 फीसदी बढ़े। पिछले दो सालों से मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। लेकिन, इससे पहले इनका प्रदर्शन इनका प्रदर्शन काफी अच्छा था। गुजरे महीने में साइक्लिकल और कमोडिटी सेक्टरों ने अच्छा किया है। इस दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल के अलावा कैपिटल गुड्स, मेटल, ऑटो, तेल एवं गैस को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। सितंबर में आईटी, हेल्थकेयर और रियल एस्टेट सेक्टरों को नुकसान उठाना पड़ा।

## घरेलू-विदेशी निवेशक लगा रहे पैसे

सितंबर में डॉलर के मुकाबले रुपया 0.8 फीसदी मजबूत हुआ। विदेशी निवेशकों (एफआईआई) ने इस दौरान 95.5 करोड़ डॉलर के शेयर खरीदे। 2019 के पहले नौ महीनों में इन्होंने 8.16 अरब डॉलर मूल्य के शेयर खरीदे हैं। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने सितंबर में 1.7 अरब डॉलर के शेयर खरीदे। इस तरह इस साल अब तक ये 6.5 अरब डॉलर के शेयर खरीद चुके हैं।

## ब्याज में कटौती से स्टॉक पसंदीदा

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्रोथ कमजोर है। मंदी ने विदेशी बाजारों को अपने चंगुल में ले रखा है। इन हालात में मौद्रिक नीति नरम रही है। दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में हिस्सों में ब्याज की दरें घटी हैं। सितंबर में यूरोजोन और अमेरिका ने भी ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कमी की है। भारत में सुस्ती से निपटने के लिए केंद्रीय बैंक ने अक्टूबर के शुरू में 0.25 फीसदी की कमी की है। दुनिया के तमाम केंद्रीय बैंकों में आरबीआई ब्याज दरों को घटाने को लेकर सबसे आक्रामक रहा है। 2019 में अब तक वह रेपो रेट में 1.35 फीसदी की कटौती कर चुका है। अभी रेपो रेट 5.15 फीसदी पर पहुंच गई है।

**अंतरराष्ट्रीय मंदी के चलते भारतीय इक्विटी मार्केट में घरेलू और विदेशी दोनों निवेशक पेसा लगा रहे हैं। 2019 के पहले नौ महीनों में एफआईआई ने 8.16 अरब डॉलर मूल्य के शेयर खरीदे हैं, तो घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6.5 अरब डॉलर के शेयर खरीदे हैं। अमेरिका, यूरोप के केंद्रीय बैंकों के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक ने भी नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की है। भारत सरकार अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए कई नीतिगत कदम उठाए हैं। इससे भारतीय स्टॉक मार्केट के और बेहतर करने की उम्मीद बढ़ी है।**

### शेयर मंत्रा



## आर्थिक सुधार भी जारी

पिछले महीने सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स में कटौती का भी एलान किया। टैक्स की दरों को पहले से मौजूद कंपनियों के लिए 34 फीसदी से घटाकर 24 फीसदी किया गया। जबकि नई कंपनियों के मामले में 15 फीसदी टैक्स रेट की घोषणा की गई।

## गिरावट का फायदा उठाने का वक्त

वैसे तो लंबी अवधि के लिहाज से यह कदम अच्छा है, लेकिन, छोटी अवधि में सुस्ती से निपटने में इससे मदद नहीं मिलेगी। कम टैक्स के चलते शायद ही कंपनियां नए प्रोजेक्टों या नौकरी में निवेश करें। लंबी अवधि में हम भारतीय शेयर बाजार को लेकर आशावान हैं। भारत के कई अन्य देशों के मुकाबले तेजी से बढ़ने के आसार हैं। इकनॉमी घरेलू खपत पर निर्भर है। इसलिए अंतराष्ट्रीय समस्याओं का इस पर कम असर होगा। भारत पर ग्लोबल ट्रेड वॉर जैसी चीजों को सीमित असर पड़ा है। म्यूचुअल फंड निवेशक लंबी अवधि में इक्विटी से अच्छे रिटर्न की उम्मीद कर सकते हैं। हाल में शेयर बाजार में गिरावट आई है। शेयरों में निवेश कर निवेशकों को इस गिरावट का फायदा उठाना चाहिए। आने वाले वक्त में भारतीय अर्थव्यवस्था के और बेहतर करने की उम्मीद बढ़ी है। इसलिए इक्विटी फंडों में निवेश का यह सही समय है।

# मिडकैप स्कीमों में निवेश से पहले इन बातों का जरूर ध्यान रखें

भारतीय स्टॉक मार्केट में मध्यम श्रेणी के निवेशकों के बीच मिडकैप और स्मॉलकैप कैटेगरी के स्टॉक अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। हाल में ब्लूचिप कंपनियों के शेयर के भाव कम आय वाले की पहुंच से बाहर होते गए हैं। इसके चलते ऐसे निवेशक मिडकैप व स्मॉलकैप कंपनियों के शेयर में निवेश करने लगे हैं। इन सेगमेंट में अधिक रिटर्न के चलते रेगुलर व बड़े निवेशक भी इधर आकर्षित हो रहे हैं। लंबे समय से निगेटिव रिटर्न दे रही म्यूचुअल फंड की मिडकैप कैटेगरी ने पिछले एक महीने में 9.95 फीसदी रिटर्न दिया है। कई म्यूचुअल फंड मैनेजर मानते हैं कि यह मिडकैप स्कीमों में निवेश का सही समय है। उनका कहना है कि इस सेगमेंट के शेयरों की हाल में काफी पिटाई हुई है, इससे कुछ शेयर आपको बहुत आकर्षक कीमतों में मिल सकते हैं। पिछले एक हफ्ते में बाजार में आई तेजी दिखाती है कि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों से मिडकैप स्कीमों के दिन बहुरेंगे। हालांकि, म्यूचुअल फंड एडवाइजर कहते हैं कि निवेशकों को एकदम से कूद पड़ने की जरूरत नहीं है। इस समय उन्हें धैर्य से फैसला लेना चाहिए। केवल एक्सपर्ट के कहने पर निवेश शुरू नहीं कर देना चाहिए। म्यूचुअल फंड लक्ष्य आधारित निवेश का जरिया हैं। इनमें आपको केवल तभी पैसा लगाना चाहिए अगर आप बाजार के उतार-चढ़ाव पर ध्यान दिए बगैर निवेश को जारी रख सकते हैं। किन स्कीमों को आपको चुनना चाहिए। म्यूचुअल फंड एडवाइजरों ने कुछ नियम बनाए हैं, जिन्हें मिडकैप स्कीमों को चुनने से पहले आपको याद रखना चाहिए।

## छोटी अवधि का पुराना प्रदर्शन नहीं देखें

एडवाइजर कहते हैं कि छोटी अवधि में पुराने प्रदर्शन को देखकर इन स्कीमों के बारे में अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। लंबी अवधि में ये स्कीमें कैसा करेंगी, इस बारे में आपको साफ तस्वीर नहीं मिलेगी। यह देखें कि सात साल या 10 साल में स्कीम ने अलग-अलग मार्केट साइकिल में कैसा किया। रिस्क एडजस्टेड रिटर्न को चेक करें। ज्यादा रिटर्न जेनरेट करने के लिए स्कीम कितना रिटर्न ले रही है? इन बातों को ध्यान में रखकर ही कोई निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

## गिरावट में कैसा रहा प्रदर्शन

यह जान लें म्यूचुअल फंड एडवाइजरों के अनुसार, कोई स्कीम गिरावट को कैसे संभालती है, यह उसकी बड़ी खूबी में गिना जाता है। तेजी में खूब रिटर्न कमाना और गिरावट में सब गंवा देना अच्छा निवेश नहीं है। बाजार की तेजी में रिटर्न तालिका में टॉप पर रहने वाली स्कीम की आपको जरूरत नहीं है। आपको ऐसी स्कीम चाहिए जो अच्छा रिटर्न दे और बाजार में गिरावट के दौरान दूसरों की तुलना में कम लुढ़के।

## स्कीम से जल्दी-जल्दी बाहर न हों

पैसा कमाने के लिए मिडकैप स्कीमों को जल्दी-जल्दी न बदलें। आप नहीं जानते कि बाजार कितना नीचे या ऊपर जाएगा। इसलिए बार-बार स्कीम से अंदर-बाहर न हों। इस तरह की रणनीति में नुकसान होता है।

## एनएफओ का विकल्प न चुनें

कई निवेशक हाल में लॉन्च हुई स्कीम में पैसा लगाने की गलती करते हैं। अगर आप कोई नई मिडकैप स्कीम देखते हैं और मिडकैप में पैसा लगाना चाहते हैं तो उसमें कूद नहीं पड़ना चाहिए। हमेशा ऐसी स्कीम चुननी चाहिए जिसका कम से कम पांच साल का ट्रैक रिकॉर्ड रहा हो।

## चार्ज को देख लें

फंड मैनेजर निवेशकों को एक्सपेंस रेशियो देख लेने की हमेशा सलाह देते हैं। कम से कम चार्ज वाली स्कीम को ही चुनना चाहिए। लेकिन, यह पसंद पहले से ही चुनी गई अच्छी स्कीमों के बीच रखनी चाहिए। केवल एक्सपेंस रेशियो देखकर निवेश नहीं करना चाहिए। अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड और कम चार्ज के अलावा स्कीम की मैनेजमेंट टीम को भी देखना चाहिए।

**लंबे समय से निगेटिव रिटर्न दे रही म्यूचुअल फंड की मिडकैप कैटेगरी ने पिछले एक महीने में 9.95 फीसदी रिटर्न दिया है। कई म्यूचुअल फंड मैनेजर मानते हैं कि यह मिडकैप स्कीमों में निवेश का सही समय है। म्यूचुअल फंड लक्ष्य आधारित निवेश का जरिया हैं। इनमें आपको केवल तभी पैसा लगाना चाहिए अगर आप बाजार के उतार-चढ़ाव पर ध्यान दिए बगैर निवेश को जारी रख सकते हैं।**

### फंड्स का फंडा



## निवेश के बुनियादी नियम समझें

म्यूचुअल फंड के मिडकैप स्कीमों में निवेश करने से पहले निवेशकों को कुछ बातें ध्यान में रखनी चाहिए। इसमें पहला कदम ऐसी स्कीमों में निवेश के बुनियादी नियमों को जानना है। आपके पास लक्ष्य होना चाहिए जिसके लिए आप निवेश करना चाहते हैं। सुनिश्चित कर लें कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए आपके हाथों में कम से कम सात से 10 साल का समय हो। छोटी अवधि में मिडकैप स्कीमों के साथ जोखिम होता है।

## अपनी जोखिम क्षमता को पहचानें

निवेशकों को अपने रिस्क प्रोफाइल के बारे में भी काफी सतर्क रहने की जरूरत है। एडवाइजरों का कहना है कि इस बारे में ज्यादातर निवेशकों को सही अनुमान नहीं होता है। चूंकि अभी बाजार चढ़ा है, इसलिए हर किसी को लगेगा कि इन स्कीमों में निवेश के लिए उनमें जोखिम लेने की क्षमता है। पर, जब ये स्कीमें निगेटिव रिटर्न दे रही थीं, तब क्या आप इनमें निवेश करने के इच्छुक थे? अगर नहीं तो आपको अपनी जोखिम लेने की क्षमता का पता लगाना चाहिए। अगर आप जोखिम ले सकते हैं और लक्ष्यों को पाने के लिए एक समय तय कर लिया है तो आप मिडकैप स्कीमों में निवेश कर सकते हैं।

# आठ साल से इंश्योरेंस कवर है तो खारिज नहीं हो सकता क्लेम

बिजनेस डेस्क ▸▸| रोहतक

अगर आपने पिछले 8 साल से लगातार हेल्थ इंश्योरेंस कवर ले रखा है, तो बीमा कंपनियां आपके क्लेम को खारिज नहीं कर सकतीं। इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीएआई ने हाल ही में एक्सक्लूजन गाइडलाइंस के स्टैंडर्डाइजेशन जारी किया है, जिसमें इसके साथ कई नए प्रावधान शामिल किए गए हैं। गाइडलाइंस में बीमा कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे काम की जोखिम-भरी गतिविधियों, आर्टिफिशियल लाइफ मेंटेनेंस से होने वाली बीमारियों, मानसिक रोगों के इलाज, बढ़ती उम्र के साथ आनी वाली समस्याओं और जन्मजात बीमारियों के इलाज को भी बीमा में शामिल करें। इरडा के इस कदम से लाखों बीमाधारकों को फायदा होने की उम्मीद है। ये नए नियम 1 अक्टूबर 2019 के बाद लिए गए प्रॉडक्ट पर लागू होंगे। मौजूदा हेल्थ कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए ये नियम 1 अक्टूबर 2020 से प्रभावी होंगे। किसी धोखाधड़ी या परमानेंट एक्सक्लूजन के मामले को छोड़ दें तो हेल्थ पॉलिसी को लेकर कोई विवाद नहीं होगा। इससे पॉलिसीहोल्डर्स की ओर से शिकायतों में कमी आएगी।

## अब गंभीर रोगों को भी कवर देने से इनकार नहीं कर सकती कंपनियां

इसके अलावा इंश्योरेंस कंपनियां गंभीर बीमारी या कैंसर, हृदय संबंधी रोग, अल्जाइमर, पार्किंसंस, एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोगों को भी इंश्योरेंस कवर देने से इनकार नहीं कर पाएंगी। लिस्ट में इस तरह की 16 बीमारियों की कैटेगरी शामिल की गई है। अभी तक इन



बीमारियों से जूझ रहे लोगों को हेल्थ पॉलिसी के योग्य नहीं माना जाता था। उदाहरण के लिए, पहले मिर्गी के मरीजों को दूसरी बीमारियों के लिए भी हेल्थ इंश्योरेंस नहीं मिलता था। अब मौजूदा बीमारियों के परमानेंट एक्सक्लूजन के बाद उन्हें इंश्योरेंस मिल सकेगा।' कैंसर का सफलतापूर्वक सालों पहले इलाज करा चुके लोगों के लिए भी यही दिक्कत थी। इस बदलाव से अधिक लोग कवरेज के दायरे में आएंगे। इरडा ने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ होने वाली मोतियाबिंद, घुटना बदलने की सर्जरी, अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी याददाश्त संबंधी बीमारियों पर भी बीमा कवर दिया जाए। इसके साथ ही फैक्ट्री वर्कर जो जोखिमभरी परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे उनकी सेहत पर लंबे समय तक प्रभाव पड़ता है, उनकी श्वसन संबंधी और त्वचा संबंधी बीमारियों को बीमा में शामिल करने से मना नहीं किया जा सकता है।

### जानकारी

**हेल्थ प्लान के लिए जारी नए दिशानिर्देशों में पॉलिसी होल्डर्स के हितों का ख्याल रखा गया है, लेकिन इससे प्रीमियम में बढ़ोतरी हो सकती है।**

**मानसिक रोगों, मोतियाबिंद समेत कई गंभीर बीमारियों के इलाज को ना नहीं कह पाएंगी बीमा कंपनियां**

## उलझनें खत्म होंगी

पहले से मौजूद बीमारियों (पीईडी) को वैसी बीमारी के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसका पॉलिसी जारी होने के 48 महीनों के अंदर फिजिशियन ने इलाज किया हो। साथ ही डीप ब्रेन स्टीमुलेशन, ओरल कीमोथेरेपी, इम्युनोथेरेपी जैसी खास आधुनिक ट्रीटमेंट प्रक्रियाओं के लिए इंश्योरेंस कंपनियों को कवर देना ही होगा।

## बीमा धारक द्वारा पहले से बताई गई सभी बीमारियों को कवर करना होगा

इरडा ने बीमारियों को दायरे से बाहर करने का मानकीकरण भी कर दिया है। इसके तहत अगर बीमा कंपनी एपिलेप्सी, किडनी की गंभीर बीमारी या एचआईवी या एड्स को कवर नहीं करना चाहती हैं, तो इसके लिए खास शब्द इस्तेमाल होंगे और एक खास वेटिंग पीरियड (30 दिन से एक साल) होगा, फिर कवर शुरू होगा। इन कदमों से उन बीमाधारकों को बड़े स्तर पर फायदा मिलेगा, जो पहले से मौजूद अपनी बीमारियों का खुलासा करते हैं। इरडा का कहना है कि सभी बीमा कंपनियों के प्रोडक्ट्स में बीमाधारकों द्वारा बताई गई सभी प्री-एक्जिस्टिंग बीमारियों को कवर करना होगा।

## बीमा कंपनी बदलते समय ग्राहक को नहीं करना होगा ज्यादा इंतजार

स्वास्थ्य नियामकों का मानकीकरण करने से बीमाधारकों को एक पॉलिसी से दूसरी पॉलिसी में शिफ्ट होने में समय मिलेगा। इरडा ने कहा है कि सभी अगर कोई बीमाधारक एक बीमा कंपनी से ट्रांसफर होकर दूसरी बीमा कंपनी में आता है और वेटिंग पीरियड की अवधि पूरी कर चुका है, तो नई बीमा कंपनी बीमाधारक को सिर्फ बचा हुआ वेटिंग पीरियड पूरा करने को कह सकती है। यह समय भी बीमा कंपनी ट्रांसफर करने की पहली तारीख से लेकर 48 घंटों से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

# सोने में शानदार रिटर्न के लिए टाइमिंग अहम

बिजनेस डेस्क ▸▸| रोहतक

इतिहास उठाकर देखें तो लोग सोने को खास नजरिए से देखते आए हैं। यह मूल्यवान धातु है। सोने का भारत में निवेश से ज्यादा सांस्कृतिक महत्व रहा है। सदियों से लोग इसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सौंपते आए हैं। यह दौलत को सहेजने का अच्छा माध्यम रहा है। निवेश के नजरिए से देखें तो छोटी अवधि में उठापटक के समय अन्य जोखिम वाले एसेट क्लास के मुकाबले सोने ने सुरक्षा कवच का काम किया है। लेकिन लंबी अवधि के दौरान सोने से अच्छा रिटर्न इक्विटी व म्यूचुअल फंड्स ने दिया है। कहने का मतलब है कि पीली धातु लंबी अवधि के लक्ष्यों के लिए अच्छा विकल्प नहीं है। इसलिए सोने में निवेश के लिए टाइमिंग अहम है।

## शेयर बाजार में क्राइसिस के समय अच्छा रिटर्न दिया

2008 के वित्तीय संकट के समय निफ्टी 50 इंडेक्स औंधे मुंह लुढ़का था। इसमें करीब 60 फीसदी की गिरावट आई थी। वहीं, उसी दौरान सोने ने 6 फीसदी रिटर्न दिया था। नवंबर 2010 से दिसंबर 2011 के बीच भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली हावी थी। इस दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 28 फीसदी लुढ़का। वहीं, सोने ने निवेशकों को 38 फीसदी एब्सोल्यूट रिटर्न दिया। 2015 में चीन ने अपनी मुद्रा की कीमत घटाई। इसका शेयरों पर भी असर पड़ा। निफ्टी 50 करीब 22 फीसदी लुढ़क गया। वहीं, सोने ने इस दौरान 14 फीसदी रिटर्न दिया। पिछले एक साल में बाजार में काफी उथल-पुथल रही है। इस दौरान निफ्टी 50 ने केवल 5 फीसदी रिटर्न दिया, जबकि सोने से 20 फीसदी रिटर्न मिला। लेकिन, जब हम अपेक्षाकृत बड़ी अवधि को देखते हैं तो सोने ने शेयरों के मुकाबले कहीं कमतर प्रदर्शन किया है। मसलन, इस दशक के शुरू होने से आईएलएंडएफएस संकट से पहले यानी 2018 के मध्य तक सोना छह फीसदी (सीएजीआर) बढ़ा है। इसकी तुलना में निफ्टी 50 में 10 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। लिहाजा, सोने को ऐसे एसेट क्लास के तौर पर नहीं देखना चाहिए जो लंबी अवधि के लक्ष्यों को पूरा करता है।

### मार्केट गाइड

**लंबी अवधि के लक्ष्यों के लिए निवेश का अच्छा विकल्प नहीं पीली धातु**



**निवेश के नजरिए से देखें तो छोटी अवधि में उठापटक के समय अन्य जोखिम वाले एसेट क्लास के मुकाबले सोने ने सुरक्षा कवच का काम किया है। नवंबर 2010 से दिसंबर 2011 के बीच भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली हावी थी। इस दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 28 फीसदी लुढ़का। वहीं, सोने ने निवेशकों को 38 फीसदी एब्सोल्यूट रिटर्न दिया। 2015 में चीन ने अपनी मुद्रा की कीमत घटाई। इसका शेयरों पर भी असर पड़ा। निफ्टी 50 करीब 22 फीसदी लुढ़क गया। वहीं, सोने ने इस दौरान 14 फीसदी रिटर्न दिया।**

## गोल्ड में निवेश के कई विकल्प

अगर कोई सोने में निवेश करना ही चाहता है तो उसे केवल पोर्टफोलियो की स्थिरता के नजरिए से इसमें पैसा लगाना चाहिए। गोल्ड फंड, ईटीएफ, डिजिटल गोल्ड और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के तौर पर सोने में निवेश के विकल्प खुले हैं। बेशक, गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को भारत में शुरू हुए एक दशक बीत चुका है, लेकिन, गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंडों के तहत कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट 1 अरब डॉलर से कम है। यह भारत में इनवेस्टमेंट एसेट क्लास के तौर पर सोने की लोकप्रियता के अभाव को दिखाता है। गोल्ड ईटीएफ स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होते हैं। इसका मतलब है कि इनमें खरीद-फरोख्त करने के लिए निवेशक के पास डीमैट खाता होना चाहिए। वहीं, गोल्ड फंड ईटीएफ में पैसा लगाते हैं, इन्हें फंड हाउस के जरिए खरीदा जा सकता है।

## निवेश पहले रखें इनका ध्यान

गोल्ड फंडों में निवेश से पहले कुछ अहम पहलुओं को ध्यान में रखने की जरूरत है। केवल ज्यादा एसेट अंडर मैनेजमेंट वाले फंडों को ही तरजीह देनी चाहिए। निवेशकों को फंड का एक्सपेंस रेशियो भी देख लेना चाहिए। साथ ही यह भी पता करना चाहिए कि एक्जिट लोड कितना है। टैक्स के लिहाज से गोल्ड फंडों पर डेट फंडों की तरह टैक्स लगता है। यानी तीन साल से ज्यादा समय तक इसे रखने पर इंडेक्सेशन के साथ 20 फीसदी टैक्स लगता है। अगर इन्हें 3 साल से कम समय के लिए रखा जाता है तो गेंस पर 30 फीसदी टैक्स लगता है।

# कई फोलियो के जाल में आप तो नहीं फंसे?

बिजनेस डेस्क ▸▸| रोहतक

**मौजूदा** म्यूचुअल फंड में ताजा निवेश करते समय एक बात सबको ध्यान में रखना चाहिए। रेफरेंस के तौर पर मौजूदा फोलियो नंबर दर्ज नहीं करने पर उसी यूनिटधारक (होल्डर) के लिए नया फोलियो बन जाता है। सभी फोलियो को एक फोलियो में मर्ज कर देना मुमकिन है। इससे आप अपने निवेश के ब्योरे को एक जगह देख पाते हैं। फोलियो का कंसोलिडेशन कुछ शर्तों के साथ हो सकता है: होल्डरों का नाम और निवेश का होल्डिंग पैटर्न सभी फोलियो में एक जैसा हो। सभी फोलियो में होल्डिंग का मोड एक जैसा हो। सभी निवेश का टैक्स स्टेटस समान हो। निवेशक का हस्ताक्षर, पता और सोशल स्टेटस समान हो।

## कंसोलिडेशन के लिए अनुरोध

ऐसे निवेशक जो अपने म्यूचुअल फंड निवेश को एक फोलियो में मिलाना चाहते हैं, उन्हें एएमसी/इनवेस्टर सर्विस सेंटर को लिखित एप्लीकेशन जमा करनी पड़ती है। म्यूचुअल फंड की वेबसाइट पर भी एप्लीकेशन का स्टैंडर्ड फॉर्मेट पाया जा सकता है।

## किन सूचनाओं की जरूरत

फंड में होल्ड किए गए सभी फोलियो को एप्लीकेशन में बताना चाहिए। टारगेट फोलियो जिसमें अन्य फोलियो को मिलाना है, उसका भी एप्लीकेशन फॉर्म में उल्लेख करना चाहिए।



## हस्ताक्षर की होती है जरूरत

अगर म्यूचुअल फंड की यूनिटें संयुक्त रूप से रखी गई हैं तो सभी यूनिट होल्डरों को अनुरोध से जुड़े फॉर्म पर हस्ताक्षर करने पड़ते हैं। हालांकि, होल्डिंग का मोड 'एनीवन' या 'सर्वाइवर' होने पर कोई भी एक यूनिट होल्डर साइन कर सकता है।

## प्रोसेसिंग कैसे होती है

एएमसी या इनवेस्टर सर्विस सेंटर में भरा हुआ फॉर्म जमा किया जा सकता है। फॉर्म प्राप्त होने पर रेफरेंस के लिए निवेशक को मुहर लगाकर एकनॉलेजमेंट दिया जाता है। एएमसी में सभी रिकॉर्डों को सत्यापित करने के बाद अनुरोध को अप्रूव कर दिया जाता है। इसके बाद तमाम फोलियो को टारगेट फोलियो में मर्ज कर दिया जाता है।

# कितने तरह के होते हैं सिप

बिजनेस डेस्क ▸▸| रोहतक

सिस्टेमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) म्यूचुअल फंड में निवेश का सुविधाजनक व आसान तरीका है। इसके जरिए भूल-भटके बगैर नियमित रूप से निवेश करने में मदद मिलती है। यह निवेश में जोखिम को भी घटाता है। सिप कई तरह के होते हैं। आइए, यहां उनके बारे में जानते हैं।

## टॉप-अप सिप

इस तरह के सिप में पहली इंस्टॉलमेंट फिक्स होती है। बाद में नियमित अंतराल पर निवेश की रकम अपने आप बढ़ती रहती है। निवेश की रकम कितनी और कब बढ़ानी है यह निवेशक पहले ही तय कर लेता है।

## फ्लेक्सी सिप

इसमें निवेशक पहली इंस्टॉलमेंट फिक्स कर देता है। बाद की इंस्टॉलमेंट फॉर्मूले के आधार पर कैलकुलेट की जाती हैं। इस तरह के सिप में बाजार की गिरावट में ज्यादा जबकि बाजार बढ़ने पर कम निवेश किया जाता है।

## परपेचुअल सिप

सिप के जरिए निवेश में आप एक तय राशि मासिक, तिमाही या सालाना आधार पर निवेश करते हैं। सामान्य रूप से सिप एक अवधि के बाद बंद हो जाता है। हालांकि, परपेचुअल सिप के मामले में कोई तय अवधि नहीं होती है। परपेचुअल सिप को आप जब तक चाहें चला सकते हैं। अपनी मर्जी से कभी भी फंडों से पैसा निकालने का भी विकल्प होता है।

## मल्टी सिप

इस तरह के सिप में आपको एक ही फंड हाउस की कई स्कीमों में निवेश करने की सुविधा मिलती है। यह निवेश एक ही इंस्ट्रूमेंट के जरिए किया जा सकता है। यह आसानी से डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाने का शानदार तरीका है।

## कवर के साथ सिप

एसेट मैनेजमेंट कंपनी बुनियादी रूप से सभी म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए मिलाकर ग्रुप कवर लेती है। यह कवर आपकी मासिक सिप रकम का 50 से 100 गुना तक होता है। इसका मतलब है कि अगर आपका मासिक सिप 5,000 रुपये का है तो टर्म लाइफ कवर 5 लाख रुपये तक का हो सकता है। 'कवर के साथ सिप' का यही मतलब होता है। इस तरह सिप के कई प्रकार होते हैं।

## खबर संक्षेप

### नेपाल में बस दुर्घटना, 11 की मौत, सौ से अधिक घायल

**काठमांडू।** मध्य नेपाल में क्षमता से ज्यादा यात्रियों को ले कर जा रही बस एक पहाड़ी से नीचे गिर गई, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 108 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बस सिंधुपाल चौक से काठमांडू जा रही थी। यात्री दशैं का त्योहार मनाने के लिए गए हुए थे। बस एक मोड़ पर फिसलकर 50 मीटर से अधिक नीचे गिर गयी। जिले की एक अधिकारी गोमा देवी चेमजोंग ने एएफपी को बताया कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पांच और लोगों की मौत अस्पताल ले जाते वक्त या इलाज के दौरान हो गयी।

### जम्मू-कश्मीर में दो सौ से अधिक लोग डेंगू से पीड़ित

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में कम से कम 222 व्यक्ति डेंगू से पीड़ित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी और कहा कि चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस बीमारी के इलाज और रोकथाम के सभी उपाय किए जा रहे हैं। पिछले साल राज्य में डेंगू के मरीजों की कुल संख्या 214 थी, जबकि पिछले चार साल में इस रोग के कारण किसी की भी मृत्यु नहीं हुई। जम्मू जिले में डेंगू के 75 मामले दर्ज किये गए जो कि सबसे अधिक है। इसके अतिरिक्त सांबा में 73, कठुआ में 24 और राजौरी में 22 मामले सामने आए।

### चिकन करी खाने पर शिक्षा अधिकारी निलंबित

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में सुंदरगढ़ जिले के एक विद्यालय में छात्रों को मध्याह्न भोजन में दाल-चावल परोसे जाने के बीच खुद चिकन करी खाने को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी को निलंबित किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सुंदरगढ़ के जिलाधिकारी निखिल पवन कल्याण ने बोनाई के प्रखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) विनय प्रकाश साय को निलंबित कर दिया है। दरअसल एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें स्कूली बच्चों के बीच बीईओ बाहर से मंगायी गयी चिकन करी खाते हुए नजर आ रहे हैं।

### बीएसएफ ने पांच पाक नौकाएं कीं जब्त

**भुज।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से मछली पकड़ने में इस्तेमाल होने वाली पांच पाकिस्तानी नौकाएं जब्त की हैं। शनिवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीएसएफ ने एक बयान में कहा कि कच्छ जिले के निकट क्रीक क्षेत्र से शुक्रवार रात 10 बजकर 45 मिनट के करीब एकल इंजन वाली पांच नौकाएं जब्त की गईं। बयान के अनुसार, इस क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया जो अब भी जारी है। अब तक इस क्षेत्र से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### प्रवासियों को ले जा रही नाव डूबी, दो की मौत

**मेक्सिको सिटी।** अफ्रीकी प्रवासियों को ले जा रही एक नौका के दक्षिणी मेक्सिको तट के पास शुक्रवार को डूब जाने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई और एक अन्य लापता हो गया। अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि नाव दक्षिणी सीमावर्ती राज्य चियापास से निकलते हुए एक तरफ झुक गयी और उसमें सवार व्यक्ति पानी में गिर गए।

## मोदी-शी मुलाकात की झलकियां





1. ममल्लापुरम के पास कोवलम में स्थित एक रिजॉर्ट में शनिवार को ईको फ्रेन्डली वाहन में सवारी का आनंद लेते चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। 2. पीएम मोदी ने शी जिनपिंग को हाथ से बुने रेशम की तस्वीर वाली शॉल भेंट की। 3. चीनी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी की तस्वीर वाली एक प्लेट तोहफे के रूप में प्रदान की।

राज्य सरकार के प्रवक्ता रोहित कंसल ने दी जानकारी

# जम्मू-कश्मीर में 99 प्रतिशत इलाकों से हटा ली गईं पाबंदियां

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के 'करीब 99 प्रतिशत' इलाकों में लोगों की आवाजाही पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया गया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता रोहित कंसल ने शनिवार को यह जानकारी दी। यहां संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य का विशेष दर्जा वापस ले लेने के अगस्त के फैसले के मद्देनजर 'बाहर से समर्थन प्राप्त आतंकवादियों' को जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने से रोकने के लिए ये पाबंदियां जरूरी थीं। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार हिरासत में लिए गए नेताओं समेत अन्य की रिहाई के लिए समीक्षा कर रही है। कंसल ने कहा कि 16 अगस्त के बाद से जम्मू-कश्मीर में धीरे-धीरे पाबंदियां हटाई जा रही थीं और ज्यादातर पाबंदियां सितंबर के पहले हफ्ते तक हटा ली गई थी। उन्होंने कहा कि आठ से 10 थाना क्षेत्रों को छोड़ कर बाकी हर जगह से प्रतिबंध पूरी तरह हटा लिए गए हैं। जम्मू कश्मीर के 99 प्रतिशत इलाकों में आवाजाही पर कोई रोक-टोक नहीं है। कंसल ने कहा कि पर्यटकों का राज्य में स्वागत है और सरकार उनके दौरे को सुगम बनाने की व्यवस्था करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर उन लोगों की मदद के लिए इंटरनेट सुविधाएं शुरू कर दी गई हैं जो इसका प्रयोग करना चाहते हैं। सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि पाबंदियां यह सुनिश्चित करने के लिए लगाई गई थीं कि आतंकवादी घटना के चलते किसी की जान न जाए।

**खास बातें**

- कहा- बाहर से समर्थन प्राप्त आतंकियों को जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने से रोकने के लिए जरूरी थीं पाबंदियां
- बोले- सरकार हिरासत में लिए गए नेताओं समेत अन्य की रिहाई की कर रही है समीक्षा



### कल से पोस्टपेड मोबाइल सर्विस भी होगी शुरू

कंसल ने बताया कि सभी पोस्टपेड मोबाइल फोन सेवाएं 14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से बहाल कर दी जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि सेवाएं शनिवार को बहाल की जानी थीं लेकिन आखिरी वक्त पर कुछ तकनीकी समस्या आने के कारण इसे टाल दिया गया। उपभोक्ताओं को हालांकि घाटी में इंटरनेट सेवाओं के बहाल होने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। राज्य प्रशासन मोबाइल फोन सेवाएं बहाल करने के लिए स्थिति का मुआयना कर रहा है।

### श्रीनगर में ग्रेनेड हमला, 11 घायल

श्रीनगर के एक इलाके में शनिवार को संदिग्ध आतंकवादियों के ग्रेनेड हमले में 11 लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों ने दोपहर के समय लाल चौक सिटी सेंटर से कुछ ही दूर हरि सिंह हाई स्ट्रीट बाजार में ग्रेनेड फेंका जो सड़क किनारे फटा। घायलों को नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया। अधिकारी के अनुसार धमाके में 11लोग घायल हो गए और नजदीक में खड़ी एक कार की खिड़कियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने कहा कि बाजार में दुकानें बंद थी लेकिन कुछ रेहड़ी-पटरी वालों ने इलाके में अपनी दुकानें लगा रखी थीं।

केन्द्रीय मंत्री हरसिमरत कौर ने दी जानकारी

# 8 को करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री हरसिमरत कौर ने ट्वीट करके बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ नवंबर को करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। आपको बता दें कि पाकिस्तान ने गुरुवार को कहा था कि बहुप्रतीक्षित करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन के लिए अभी कोई तिथि तय नहीं की गई है। साथ ही उसने आश्वासन दिया कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर इसे अगले महीने समय पर शुरू कर दिया जाएगा। एक महीने पहले कॉरिडोर परियोजना के प्रमुख एक वरिष्ठ अधिकारी ने घोषणा की थी कि करतारपुर साहिब के लिए पाकिस्तान नौ नवम्बर से भारतीय सिख श्रद्धालुओं को जाने की



अनुमति देगा। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री (इमरान खान) के वादे के मुताबिक करतारपुर कॉरिडोर पर काम समय पर पूरा हो जाएगा। इसका उद्घाटन समय पर होगा लेकिन इसके शुरू होने के लिए मैं कोई तिथि नहीं दे सकता क्योंकि अभी तक इसकी तिथि तय नहीं की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कॉरिडोर को सिखों के संस्थापक गुरू नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर 12 नवम्बर को खोल दिया जाएगा।

### वीजा मुक्त यात्रा कर सकेंगे भारतीय श्रद्धालु

प्रस्तावित कॉरिडोर करतारपुर में दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक के साथ जोड़ेगा और भारतीय श्रद्धालु वीजा मुक्त यात्रा कर सकेंगे। उन्हें करतारपुर साहिब जाने के लिए केवल परमिट हासिल करना होगा। करतारपुर साहिब की स्थापना 1522 में गुरु नानक देव ने की थी। लाहौर से करीब 125 किलोमीटर दूर नारोवाल में प्रस्तावित करतारपुर कॉरिडोर की 16 सितम्बर को पाकिस्तानी और विदेशी पत्रकारों की यात्रा में परियोजना निदेशक आतिफ माजिद ने कहा कि कॉरिडोर का 86 फीसदी काम पूरा हो गया है और नौ नवम्बर को इसे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

दो करीबी लोगों को भी किया अरेस्ट

## ईडी ने बनाई इकबाल मिर्ची की बेनामी संपत्तियों की लिस्ट

**नई दिल्ली।** ईडी ने दाउद इब्राहिम के खास गुर्गे, मंबई बम धमाके के आरोपी और ड्रग डीलर इकबाल मिर्ची की देश और विदेश में करोड़ों की बेनामी संपत्ति का पता लगाया है। इस मामले में ईडी ने इकबाल मिर्ची के दो खास लोगों हारुन युसुफ और रंजीत सिंह बिंद्रा को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि इकबाल मिर्ची अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम का खास आदमी है, ये मुंबई से 1995 में दुबई भाग गया था। दुबई से इकबाल मिर्ची ने अपना बेस लंदन में बना लिया था।

जानकारी के मुताबिक इकबाल मिर्ची पर मुंबई में हत्या, हत्या की कोशिश, अवैध वसूली और ड्रग तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। अमेरिका ने भी इकबाल मिर्ची को 2004 में 10 खुंखार ड्रग तस्करों में शामिल किया था। भारत ने यूके सरकार से इकबाल मिर्ची के प्रत्यर्पण की कोशिश की थी लेकिन वो नामंजूर हो गई थी। हालांकि इकबाल मिर्ची की 2013 में लंदन के पास मौत हो गई थी। ईडी ने इकबाल मिर्ची की मुंबई में 10, 1 दुबई में और 25 संपत्ति यूके में होने का पता लगाया है।



- मुंबई में 10, 1 दुबई में और 25 संपत्ति यूके में होने का पता लगाया

73 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित जगह भेजा गया

## जापान में 'हेजिबीस' तूफान से एक की मौत, 50 घायल

**तोक्यो।** शक्तिशाली तूफान हेजिबीस ने शनिवार को जापान में दस्तक दे दी, जिसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। तूफान के आने से पहले अधिकारियों ने इसके भीषण प्रभाव को देखते हुए आपदा का सर्वोच्च स्तर जारी किया था और अभूतपूर्व बारिश की चेतावनी दी थी। प्रशासन ने 73 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित जगह जाने की सलाह दी है। अधिकारियों ने भीषण बाढ़ और भूस्खलन की कई घटनाओं की रिपोर्ट दी है। इन घटनाओं में कम से कम तीन लोग लापता हुए हैं और 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। चार गंभीर रूप से घायल हैं। तूफान के आने से पहले ही इसके प्रभाव के चलते तेज बारिश हुई। रग्बी विश्व कप के दो मैचों को भी रद्द कर दिया गया है। तूफान की वजह से जापानी ग्रैंड प्रिक्स में देरी हुई तथा तोक्यो क्षेत्र में सभी उड़ानें रोक दी गईं। जापान मौसम विज्ञान विभाग (जेएमए) ने बताया कि तूफान ने स्थानीय समयानुसार शाम करीब सात बजे से पहले मुख्य होंशू द्वीप पर दस्तक दी।



- रग्बी विश्व कप के दो मैचों को भी रद्द
- तोक्यो में सभी उड़ानें रोकी गईं

### अमेरिका के क्लब में फायरिंग 4 लोगों की मौत 3 घायल

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी के ब्रूकलिन में शूटिंग में चार लोग मारे गए हैं और तीन के घायल होने की खबर है। पुलिस ने बताया कि घटना 74 यूटिका अवेन्यू में हुई। मैप में यह जगह एक प्राइवेट क्लब के रूप में दिखाई गई है लेकिन पुलिस अभी ठीक से पता नहीं लगा पाई है कि यह बिल्डिंग किस टाइप की थी। शनिवार सुबह 7 बजे (भारत में 3 बजे के करीब) यह घटना हुई। एक महिला और दो पुरुष घायल हुए हैं। सिटी पुलिस ने जानकारी दी कि अभी इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक सूचना के अधार पर जांच शुरू की गई है।

### कैलिफोर्निया के जंगल में भीषण आग, हजारों लोगों को निकाला गया

**लॉस एंजिलिस।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल में हवा से फैलती जा रही आग ने भीषण रूप ले लिया जिसकी वजह से शुक्रवार को करीब 1,00,000 लोगों को वहां से निकलना पड़ा। आग में दर्जनों घर नष्ट हो गये। अधिकारियों ने आगाह किया है कि आग बुझाने में कई दिन लग सकते हैं। दमकल अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को शाम तक, जंगल की आग और भयावह हो गई और सैन फर्नांडो वैली में 7,542 एकड़ तक फैल गई। उन्होंने बताया कि आग की वजह से कम-से-कम 31 घर नष्ट हो गये।




अधिकारियों को बैठक, यात्रा और खर्च में कटौती का निर्देश

# यूएन की वित्तीय हालत खराब, बंद होंगे एसी व एस्केलेटर

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय हालत और खराब हो गई है। खर्चों में कटौती करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में मौजूद एसी, एस्केलेटर सहित मुख्यालय के बाहर लगे फाउंटेन को भी सोमवार से बंद किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यालय में काम कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों से भी आधिकारिक बैठक, यात्रा और डॉक्यूमेंट्स का छह भाषाओं में अनुवाद करने में भी कटौती करने के लिए कहा गया है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने यह आदेश जारी करते हुए कहा है कि नई व्यवस्था सोमवार से लागू होगी। यह व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय के अलावा विश्व भर में मौजूद अन्य कार्यालयों में लागू की जाएगी। शुक्रवार को महासचिव ने पत्र लिखकर कहा है कि यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक स्थिति में सुधार नहीं हो जाता है।



- व्यवस्था दुनियाभर में मौजूद अन्य कार्यालयों में भी लागू होगी
- स्थिति नहीं सुधरने तक व्यवस्था रहेगी लागू

### सदस्य देशों ने नहीं किया बकाए का भुगतान

महासचिव की ओर से जारी बयान के अनुसार सदस्य देशों ने अगर अपनी वार्षिक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया तो संयुक्त राष्ट्र के कामकाज और सुधार प्रक्रिया के समक्ष जोखिम पैदा हो जाएगा। 193 सदस्य देशों में से अब तक 128 देशों ने तयशुदा बकाया राशि का वार्षिक भुगतान किया है।

### एक दशक में सबसे गंभीर संकट

संयुक्त राष्ट्र को पिछले एक दशक में पहली बार इतने गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के सामने आरक्षित निधि में रखी गई नकदी के अक्तूबर महीने के अंत तक खर्च हो जाने का खतरा मंडरा रहा है जिसकी वजह से कर्मचारियों को वेतन और अन्य सेवाओं के लिए भुगतान का संकट खड़ा हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र के प्रबंधक विभाग की अध्यक्ष कैथरिन पोलार्ड ने आम सभा की बजट कमेटी को बताया कि केवल 128 देशों से चार अक्तूबर तक 199 करोड़ डॉलर की राशि प्राप्त हुई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109